RNI N.- BIHBIL/2022/88070
राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र
www. bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर



"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7 , अंकः 146 , गुरुवार, 09 जुलाई 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com



रामगढ़वा को 16 महीने में मिले 7वें बीईओ, ब्रजेश कुशवाहा ने संभाला अतिरिक्त प्रभार 03



बंटी की बरामदगी की मांग को लेकर परिजनों ने किया प्रदर्शन 04

ब्लैक शिमरी टॉप और डेनिम में पलक तिवारी ने ढाया कहर, सिजलिंग... 07

संक्षिप्त समाचार

सीजफायर खत्म होते ही

## भारत में शेयर मार्केट में भारी गिरावट, सेंसेक्स 1,900 अंक टूटा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** घरेलू शेयर बाजार में आज भारी गिरावट आई। बाजार सुबह गिरावट के साथ खुला था लेकिन दोपहर बाद इसमें भारी गिरावट आई। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक बयान से शेयर बाजार में हाहाकार मच गया। उनका कहना है कि ईरान के साथ सीजफायर खत्म हो गया है। इसके बाद अमेरिका ईरानी 80 ठिकानों पर बमवारी



की। इससे कच्चे तेल की कीमत में भारी तेजी आई। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, कमजोर ग्लोबल संकेतों और जियोपॉलिटिकल तनाव बढ़ने से निवेशकों का भरोसा डगमगा गया। इससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में 2 प्रतिशत से ज्यादा गिरावट आई। दोपहार बाद के कारोबार के दौरान सेंसेक्स 1,914 अंक गिरकर 76,266 पर आ गया, जबकि निफ्टी 50 में 581 अंकों की गिरावट आई और यह 23,900 के स्तर से नीचे चला गया। इस गिरावट से निवेशकों को 10 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की चपत लगी। बीएई लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप घटकर लगभग 470 लाख करोड़ रुपये रह गया। सेंसेक्स के सभी शेयरों में गिरावट आई।

## दिल्ली समेत 10 राज्यों के 20 ठिकानों पर एनआईए की बड़ी कार्रवाई

### आईएसआईएस और एक्यूआईएस की साजिश नाकाम




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को देशव्यापी अभियान चलाते हुए ऑनलाइन कट्टरपंथ और आतंकी गतिविधियों के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। एजेंसी ने 10 राज्यों और दिल्ली सहित कुल 20 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इस कार्रवाई में वे आंतकी निशाने पर हैं, जो सोशल मीडिया और अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के जरिए युवाओं को कट्टरपंथी विचारधारा से जोड़ रहे थे।

**युवाओं को आतंकवाद से जोड़ने की साजिश :** एनआईए की प्रारंभिक जांच के अनुसार, आरोपी प्रतिबंधित आतंकी संगठनों आईएसओएस और अल-कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट की विचारधारा का प्रचार-प्रसार कर रहे थे।

## एनसीईआरटी की पुस्तकों में संशोधन

### हिटलर के संदर्भ हटाए गए, विभाजन पर कांग्रेस के रुख में बदलाव किया गया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद एनसीईआरटी ने कक्षा 8 के सोशल साइंस की किताब में कई अहम बदलाव किए हैं। सबसे जरूरी बदलाव न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से जुड़े चैप्टर में किया गया। इसके अलावा इस किताब से 1947 के बंटवारे पर कांग्रेस के रुख और एडॉल्फ हिटलर




की नाजी विचारधारा के जिक्र को हटाना गया। नए वर्जन एक्सप्लोरिंग सोसाइटी- इंडिया एंड बियॉन्ड, जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने न्यायपालिका से जुड़े पुराने कंटेंट को आपत्तिजनक बताया था और उसकी सभी फिजिकल और डिजिटल कॉपी वापस लेने का निर्देश दिया था। नई किताब में भारत की आजादी और बंटवारे से जुड़े इतिहास के चैप्टर में भी बदलाव किए गए हैं।

# जयपुर में परिवार पर चढ़ा ट्रेलर, 4 की मौत

- बच्चों के शव टुकड़ों में नाले में गिरे, मां के पैर टूटे; ट्रेलर के 5 चालान पेंडिंग

**जयपुर (एजेंसी)।** जयपुर में तेज रफ्तार ट्रेलर ने फुटपाथ पर बैठे एक परिवार के 5 लोगों को कुचल दिया। हादसे में तीन बच्चों और पिता की मौत हो गई। मां के दोनों पैर टूट गए। हादसा इतना भीषण था कि बच्चों के शवों के चिथड़े उड़ गए। एक बच्चे के शव के दो टुकड़े हो गए। सभी लोग नाले में गिर गए।





हादसा श्याम नगर थाना क्षेत्र के 200 फीट बाइपास पर कमला नेहरू नगर में मंगलवार सुबह 8:46 बजे हुआ। मृतकों की पहचान राजसमंद के जैतपुरा निवासी चंद्रप्रकाश (40) और उनके बेटों रमेश (11), रतन (10), दीपक (8) के रूप में हुई है। चंद्रप्रकाश की पत्नी कैलाशी (35) गंभीर रूप से घायल है। कैलाशी के दोनों पैर टूट गए हैं। एसएमएस हॉस्पिटल के ट्रॉमा में इलाज चल रहा है।

- 4.9 किमी लंबी सुरंग का नितिन गडकरी आज करेंगे निरीक्षण

# मुकुंदरा टनल- नीचे दौड़ेगी गाड़ियां, ऊपर घूमेंगे टाइगर

**कोटा (एजेंसी)।** राजस्थान के कोटा जिले में मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व के नीचे बन रही 4.9 किलोमीटर लंबी टनल देश की सबसे अनूठी सड़क परियोजनाओं में शामिल होने जा रही है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर बन रही यह टनल इसलिए खास है क्योंकि इसके ऊपर टाइगर, पैंथर, भालू, हिरण और अन्य वन्यजीवों का प्राकृतिक आवागमन जारी रहेगा, जबकि नीचे 8 लेन एक्सप्रेस-वे पर हाई स्पीड से वाहन दौड़ेंगे।

विकास और पर्यावरण संरक्षण के संतुलन की यह मिसाल आज सुर्खियों में रहेगी, क्योंकि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और लोकसभा स्पीकर ओम बिरला इसका संयुक्त निरीक्षण करेंगे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी दिल्ली से सड़क मार्ग के जरिए स्वयं एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण करते हुए कोटा पहुंचेंगे। बूंदी जिले के लबान इंटरचेंज से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और लोकसभा स्पीकर ओम बिरला भी उनके साथ जुड़ेंगे। तीनों नेता टनल निर्माण, सुरक्षा व्यवस्था और परियोजना की प्रगति की समीक्षा करेंगे।



**इस अत्याधुनिक टनल की क्या है खासियत?**

करीब 22 मीटर चौड़ी इस अत्याधुनिक टनल को आधुनिक तकनीक से तैयार किया जा रहा है। इसमें फायर सेफ्टी सिस्टम, हाई-रिजॉल्यूशन सीसीटीवी, इंटेलिजेंट ट्रैफिक मॉनिटरिंग, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, आधुनिक एलईडी लाइटिंग, पानी की पाइपलाइन और डिजिटल कंट्रोल सिस्टम जैसी सुविधाएं होंगी।

85 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा

# सूरत में 19 इंच बारिश

- पुणे दिल्ली में इमारत ढहीं, कई मजदूरों के दबे होने की आशंका
- जम्मू-कश्मीर में पत्थरों का सैलाब, नासिक में पुल बहा, जोधपुर बाजार में नदी जैसी धार बही

**जयपुर/पटना/अहमदाबाद/मुंबई/भोपाल (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के पुणे में बुधवार को भारी बारिश से कचरे का पहाड़ 3 मंजिला इमारत पर गिर गया। इससे इमारत ढह गई। 16 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। मीडियासूत्रों के अनुसार बताया कि पुणे के पिंपरी-चिंचवाड़ में कचरे का पहाड़ जैसा ढेर था, यह वहां मौजूद कचरा प्रबंधन की बिल्डिंग पर गिर पड़ा। वहीं दिल्ली के रोहिणी में बड़ा हादसा हो गया जब निर्माणाधीन 5 मंजिला इमारत भरभराकर गिर गई। कई मजदूरों के दबे होने की आशंका जताई जा रही थी।

देश के कई राज्यों में भारी बारिश से हालात बिगड़ गए हैं। जम्मू-कश्मीर के डोडा में बाढ़ के साथ बड़े-बड़े पत्थरों का सैलाब आ गया। कई गाड़ियां, घर और दुकानें मलबे में दब गईं।

महाराष्ट्र के नासिक, मुंबई और पुणे में भी बारिश से बाढ़ जैसे हालात हैं। पुणे के खड़कवासला डैम से 27,303 क्यूसेक पानी मुथा नदी में छोड़ा गया है।



**दिल्ली-जयपुर हाइवे धंसा, गुरुग्राम में 10 किमी लंबा जाम-** भारी बारिश के चलते दिल्ली-जयपुर एनएच-48 धंस गया है, जिसके कारण 10 किमी लंबा जाम लगा गया। एक स्कूल बस भी नाले में फंस गई। इधर, गुरुग्राम के कई इलाकों में दो-दो फीट पानी भर गया। पुलिस ने कंपनियों से अगले कुछ दिनों तक कर्मचारियों को वर्क फॉम होम देने की अपील की है।

**मुंबई में 39 ट्रेनें रद्द, तुलसी और विहार झील ओवरफ्लो-** मुंबई में बारिश से लोकल ट्रेनें 25-30 मिनट की देरी से चल रही हैं। वसई-विरार और दक्षिण गुजरात में जलभराव के कारण 39 ट्रेनें रद्द करनी पड़ीं। 21 ट्रेनों को बीच रास्ते में रोका गया और 46 ट्रेनों का समय बदला गया। विहार और तुलसी झील मंगलवार रात को ओवरफ्लो हो गई। दोनों झीलें मुंबई को पीने का पानी देने वाले सात जलाशयों में शामिल हैं। हालांकि, सातों जलाशयों में अभी कुल जल भंडारण 41.43 प्रतिशत ही है। बीएमसी के मुताबिक, बुधवार सुबह 8 बजे तक बीते 48 घंटे में दक्षिण मुंबई में 61.13 मिमी, पूर्वी उपनगरों में 86.66 मिमी और पश्चिमी उपनगरों में 86.90 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने दिनभर रुक-रुककर हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान जताया है।

**अरुणाचल में बाढ़-लैंडस्लाइड से 94 हजार लोग प्रभावित**

अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश से बाढ़ और लैंडस्लाइड ने 26 जिलों के 94 हजार से ज्यादा लोगों को प्रभावित किया है। 4 लोगों की मौत हुई है, 21 घायल हैं और 2 महिलाएं लापता हैं। इधर, कर्नाटक के बेलगावी और शिवमोगा में आज स्कूल और आंगनवाड़ी बंद रहेंगे।

**महाराष्ट्र-पालघर में बारिश से 10 मौतें, 1261 लोग शिफ्ट-** महाराष्ट्र के पालघर में बारिश से 1 जुलाई से अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है। पिछले 24 घंटे में 3 मौतें हुई हैं। प्रशासन ने 389 परिवारों के 1,261 लोगों को सुरक्षित निकालकर राहत शिविरों में पहुंचाया है। बारिश से 2 पक्के और 4 कच्चे मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि 73 मकानों को आंशिक नुकसान पहुंचा है।

## इंडोनेशिया के प्रम्बानन मंदिर पहुंचकर पीएम मोदी ने की प्रार्थना

- हजारों साल पुराना है इस यूनेस्को धरोहर का इतिहास

**जकार्ता (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अभी अपने तीन दिवसीय इंडोनेशिया के यात्रा हैं। जहां दौरे के आखिरी दिन बुधवार को पीएम मोदी ने भारत और इंडोनेशिया के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक रिश्तों को मजबूत करते हुए इंडोनेशिया के ऐतिहासिक प्रम्बानन मंदिर का दौरा किया।

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ पहुंचे पीएम मोदी ने इस करीब 1000 साल पुराने हिंदू मंदिर में पूजा-अर्चना की। यह मंदिर त्रिमूर्ति भगवान शिव, भगवान विष्णु और भगवान ब्रह्मा को समर्पित है। यात्रा के दौरान पीएम मोदी ने हेलीकॉप्टर से इस विशाल मंदिर की एक खूबसूरत तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा कि भव्य प्रम्बानन मंदिर। भारत और इंडोनेशिया मिलकर करेंगे मंदिर का कायाकल्प बता दें कि पीएम मोदी का यह दौरा इसलिए भी बेहद खास है क्योंकि एक दिन पहले ही भारत और इंडोनेशिया के बीच इस मंदिर परिसर के संरक्षण और जीर्णोद्धार के लिए एक बड़ा समझौता हुआ है।



**प्रसिद्ध है प्रम्बानन मंदिर**

यह मंदिर न सिर्फ अपनी खूबसूरती, बल्कि अपने इतिहास और विशालता के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है। यह इंडोनेशिया का सबसे बड़ा और कंबोडिया के अंगकोर वाट के बाद पूरे दक्षिण-पूर्व एशिया का दूसरा सबसे बड़ा हिंदू मंदिर परिसर है।

**त्रिमूर्ति को समर्पित है यह मंदिर-** लगभग 40 हेक्टेयर में फैले इस परिसर के केंद्र में तीन बड़े और ऊंचे मंदिर हैं, जो भगवान शिव, विष्णु और ब्रह्मा के हैं। इनमें भगवान शिव का मंदिर सबसे ऊंचा (47 मीटर) और मुख्य है। इस मंदिर की दीवारों पर बेहद खूबसूरत नक्काशी की गई है, जिसमें रामायण और अन्य हिंदू धर्मग्रंथों की कहानियां चित्रों के जरिए दिखाई गई हैं। यह इस बात का सबूत है कि प्राचीन काल में समुद्री व्यापार के जरिए भारतीय संस्कृति यहां तक फैली थी।



## अमरनाथ गुफा में शिवलिंग पूरी तरह पिघला

**जम्मू (एजेंसी)।** अमरनाथ गुफा में प्राकृतिक बर्फ का शिवलिंग लगभग पूरी तरह पिघल गया है। अभी यात्रा के पांच दिन ही बीते हैं। 57 दिन चलने वाली यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी। यात्रा के पहले चार दिनों में करीब 86 हजार श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में दर्शन किए। अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार को पांचवें दिन यह संख्या 1 लाख के पार पहुंचने की उम्मीद है। यात्रा के लिए इस साल 4 लाख श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है। यानी कि अभी 3 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं का दर्शन करना बाकी है।

## राम मंदिर चोरी-पुलिस को चंदे की फर्जी रसीद बुक मिली

- आरोपियों ने पैसे ऐंठने की बात कबूली, गोपाल राव का दावा- ट्रस्ट से नहीं हटाया गया

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी के तीन आरोपियों लवकुश मिश्रा, अनुकल्प मिश्रा और करुणेश पांडेय को पुलिस ने 40 घंटे की रिमांड पर लिया है। पूछताछ के दौरान पुलिस को आरोपियों से श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की पुरानी फर्जी रसीद बुक मिली है। यह रसीद हूबहू असली की तरह दिखती है। इस



पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र का लोगो बना है। सूत्रों के मुताबिक, आरोपियों ने पूछताछ में कबूला है कि वे फर्जी रसीद काटकर चंदा देने वालों से पैसे भी ऐंठ लेते थे। शुरुआत में टिन्नू यादव, लवकुश, करुणेश, अनुकल्प समेत अन्य आरोपी जब कोई मंदिर में दान देने की इच्छा जताता था, तो उसे रसीद के तौर पर यह फर्जी रसीद दे देते थे, ताकि किसी को शक न हो। अब नई व्यवस्था के तहत रसीद ऑनलाइन मिलती है, इसलिए इन लोगों ने इन रसीदों का इस्तेमाल करना बंद कर दिया था।

डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा ऐलान

# सीजफायर खत्म, तेज होगी जंग, अमेरिका ने 80 ठिकानों पर हमले किए

**तेहरान (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नॉटो समिट के दौरान कहा कि ईरान के साथ हुआ सीजफायर समझौता अब खत्म हो चुका है और अब वह ईरान से कोई डील नहीं करना चाहते। ट्रम्प ने कहा,हमने पिछली रात ईरान पर जोरदार हमला किया। खतरनाक लोगों को निशाना बनाया। हर बार वे हमला करेंगे, हम जवाब देंगे।

उन्होंने कहा कि अमेरिका का लक्ष्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को खत्म करना है। ट्रम्प ने नॉटो पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि गठबंधन ने दुनिया के सबसे बड़े आतंक समर्थक देश ईरान के खिलाफ अमेरिका का साथ नहीं दिया। इससे पहले अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बताया था कि उसने ईरान के 80 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की है।




अमेरिका के मुताबिक, यह कार्रवाई होर्मुज में जहाजों पर हुए हमलों के जवाब में की गई।

**ईरान ने होर्मुज में 3 टैंकरों को निशाना बनाया-** खामेनेई के अंतिम संस्कार के बीच ईरान ने होर्मुज में 3 टैंकरों को निशाना बनाया, जिसमें एक टैंकर कतर का था। ईरान ने चेतावनी दी कि हमारी तरफ से तय रुट इस्तेमाल नहीं होने पर सुरक्षा की गारंटी नहीं रहेगी।

### ईरानी तटों को दुश्मन के लिए जहन्नुम बना देंगे : ईरान

ईरानी सेना ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकियों पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। ईरान के वरिष्ठ कमांडर रियर एडमिरल हबीबोल्लाह सय्यारी ने कहा है कि अगर अमेरिकी सैनिक ईरान की जमीन पर पैर रखते हैं, तो उसे जहन्नुम बना दिया जाएगा। ईरान की जमीन पर कदम रखने वाला कोई भी दुश्मन ऐसे नर्क में जाएगा, जहां से उसका बचकर आना नामुमकिन होगा। ईरान की यह चेतावनी तब आई है, जब आज सुबह अमेरिका के हवाई हमलों के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि शांति समझौता अब खत्म हो चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### महुआ एसडीपीओ संजीव कुमार के खिलाफ कार्रवाई, शराब माफिया और वारंट मामलों में की लापरवाही

**हाजीपुर।** तिरहुत रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक (DIG) ने महुआ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (SDPO) संजीव कुमार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की अनुशंसा की है। उन पर विभागीय कार्यों में लगातार लापरवाही, लंबित मामलों के निष्पादन में शिथिलता और निरीक्षण कार्यों में उदासीनता के आरोप हैं। डीआईजी ने अनुशासनिक कार्रवाई के लिए बिहार पुलिस मुख्यालय को प्रतिवेदन भेजा है। तिरहुत रेंज के सभी एसडीपीओ के कार्यों की नियमित समीक्षा की जा रही थी। इसी क्रम में महुआ एसडीपीओ के क्षेत्राधिकार में लंबित शस्त्र अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट के मामलों, अनुसंधान और पर्यवेक्षण की समीक्षा की गई। जांच में पाया गया कि पूर्व समीक्षा बैठकों में दिए गए कई महत्वपूर्ण निर्देशों का पालन नहीं किया गया। गंभीर अनियमितताएं मिलने के बाद एसडीपीओ संजीव कुमार से 13 बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा गया था। पुलिस अधीक्षक, वैशाली के माध्यम से उनका जवाब प्राप्त किया गया, जिसके बाद एसपी ने अपने मंतव्य के साथ विस्तृत प्रतिवेदन डीआईजी कार्यालय को भेजा। रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में एसडीपीओ ने केवल तीन प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। जुलाई 2025 से जनवरी 2026 तक उन्होंने एक भी विभागीय जांच का निष्पादन नहीं किया। सामूहिक विभागीय जांच संचालन की बैठकों में भी उनकी अनुपस्थिति दर्ज की गई। समीक्षा में यह भी सामने आया कि पदभार ग्रहण करते समय उनके क्षेत्र में 2249 मामले अनुसंधान के लिए लंबित थे। सात महीने बाद भी लंबित मामलों की संख्या 2146 बनी रही, जो अपेक्षित प्रगति नहीं दर्शाती। इस अवधि में केवल 17 अतिरिक्त विशेष प्रतिवेदित मामलों का ही निष्पादन कराया गया। उनके जिम्मे दिए गए पांच अनुसंधान मामलों में से किसी में भी केस डायरी प्रस्तुत नहीं की गई और न ही जांच में कोई उल्लेखनीय प्रगति हुई।

### मुजफ्फरपुर में 1000 पुड़िया स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार, खरीद-बिक्री की सूचना पर छापेमारी

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में मंगलवार को 1000 पुड़िया स्मैक के साथ युवक की गिरफ्तारी हुई। आरोपी के पास से एक मोबाइल भी बरामद हुआ है। पुलिस अब पूछताछ कर स्मैक की सप्लाई चेन और उससे जुड़े अन्य तस्करों का पता लगाने में जुट गई है। कार्रवाई मिठनपुरा थाना की पुलिस ने की है। सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 6 जुलाई की रात मिठनपुरा थाना पुलिस को सूचना मिली कि कालीबाड़ी रोड स्थित मैदान के पास बड़ी मात्रा में स्मैक की खरीद-बिक्री होने वाली है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी कर छापेमारी की। पुलिस को देखते ही आरोपी मौके से



भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 1000 पुड़िया अवैध स्मैक और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राहुल कुमार, निवासी मिठनपुरा थाना क्षेत्र, के रूप में हुई है। इस गिरोह का कथित मास्टरमाइंड 64 वर्षीय शिवशंकर शर्मा मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार राहुल का पिता ओमप्रकाश शर्मा भी इस धंधे में शामिल है और उसकी भी तलाश जारी है। सिटी एसपी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इतनी बड़ी मात्रा में स्मैक उसे कहां से मिली और इसे किन लोगों तक पहुंचाया जाना था। पूछताछ के आधार पर संभावित सप्लायरों और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है। इस मामले में मिठनपुरा थाना कांड संख्या 194/26 दर्ज किया गया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बरामद मोबाइल की भी जांच की जा रही है, ताकि तस्करी से जुड़े अन्य लोगों के बारे में महत्वपूर्ण सुराग मिल सके। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी जांच कराई जा रही है। सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी ने कहा कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इस कारोबार से जुड़े किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

### नेपाल में बारिश से तिरहुत की नदियों का जलस्तर बढ़ा



**मुजफ्फरपुर।** नेपाल में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण बिहार के तिरहुत प्रमंडल में नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। इसका असर ये हुआ है कि कई चचरी और पीपा पुल प्रभावित हुए हैं, जबकि निचले इलाकों में रहने वाले लोग सुरक्षित स्थानों पर पलायन करने लगे हैं। नेपाल के तराई क्षेत्रों में जारी बारिश से तिरहुत प्रमंडल में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ने से नदी किनारे बसे गांवों में लोगों की चिंता बढ़ गई है। संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए मुजफ्फरपुर जिला प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग पूरी तरह सतर्क है। तिरहुत आयुक्त गिरवर दयाल सिंह ने प्रमंडल के सभी छह जिलों के जिलाधिकारियों को तटबंधों की निगरानी बढ़ाने, संवेदनशील स्थानों पर आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने और राहत-बचाव की तैयारियां पूरी रखने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त गिरवर दयाल सिंह ने बताया कि भले ही बिहार में सामान्य से कम बारिश हुई हो, लेकिन नेपाल में लगातार बारिशके कारण अचानक फ्लैश फ्लड की स्थिति बन सकती है। इसलिए प्रशासन हर गतिविधि पर बारीकी से नजर बनाए हुए है। प्रशासन का दावा है कि संभावित बाढ़ से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और हालात पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

### जाले बीडीओ की दरोगा गर्लफ्रेंड को पुलिस ने पकड़ा, संदिग्ध हालत में हुई थी पत्नी की मौत

**मुजफ्फरपुर।** दरभंगा के जाले के BDO (प्रखंड विकास पदाधिकारी) मनोज कुमार की पत्नी अमृता कुमारी की संदिग्ध मौत मामले में नया मोड़ आया है। बीडीओ मनोज कुमार की गर्लफ्रेंड अन्नू कुमारी को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। अन्नू को पुलिस ने सीतामढ़ी से पकड़ा है। वो बेगूसराय जिले के एक थाने में सब-इंस्पेक्टर के पद पर तैनात है। फिलहाल उसे मुजफ्फरपुर के मिठनपुरा थाना में रखकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इस चर्चित मामले में उसकी क्या भूमिका रही। पुलिस सूत्रों के अनुसार, महिला दरोगा मूल रूप से सीतामढ़ी के सुरसंड की रहने वाली है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, बीडीओ मनोज कुमार से लगातार पूछताछ के दौरान कई अहम जानकारियां सामने आई हैं। इसके बाद जांच का दायरा बढ़ाते हुए पुलिस ने BDO की प्रेमिका को हिरासत में लिया। फिलहाल उससे पूछताछ कर यह जानने की कोशिश की जा रही है कि क्या अमृता की प्रताड़ना और मौत के मामले में उसकी किसी प्रकार की भूमिका थी। मिठनपुरा थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि महिला से पूछताछ जारी है। जांच पूरी होने के बाद ही विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। जांच के दौरान पुलिस ने गिरफ्तार बीडीओ के कब्जे से दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। इनकी कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच की जा रही है। शुरुआती जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि बीडीओ और महिला दरोगा के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध था। पुलिस का मानना है कि इसी संबंध को लेकर घर में अक्सर विवाद होता था। BDO की पत्नी अमृता इसका विरोध करती थी, जिसके कारण उसे लगातार मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना झेलनी पड़ती थी। मृतका के भाई ने FIR में आरोप लगाया था कि BDO का किसी और महिला से अफेयर चल रहा है।

# पटना में युवक के अपहरण के बाद बवाल, आगजनी

## प्रशांत किशोर भी मौके पर पहुंचे, घर वाले बोले- सेक्स रैकेट का विरोध करता था

**एजेंसी, पटना**

पटना में युवक के अपहरण के बाद जमकर बवाल हुआ। युवक के घर वालों ने सड़क जामकर आगजनी की। स्थानीय लोगों ने न्यू करबिगहिया में 3 घंटे तक सड़क जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने आगजनी कर पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और युवक की सकुशल बरामदगी सहित आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। बाद में पुलिस और प्रशासन के आश्वासन के बाद परिजनों ने तीन घंटे के बाद प्रदर्शन समाप्त किया और अपने अपने घर को लौट गए। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने परिजनों को आश्वासन दिया है, युवक की जल्द ही सकुशल बरामदगी कर ली जाएगी।



जिस युवक का अपहरण किया गया है, उसकी पहचान न्यू करबिगहिया कब्रिस्तान गली निवासी बंटी (33) के रूप में हुई है। मौके पर प्रशांत किशोर भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि 2 दिन में बंटी बरामद नहीं होता तो वो भी प्रदर्शन में स्थानीय लोगों का साथ देंगे। बांकीपुर चुनाव के मद्देनजर इलाके में आचार संहिता लगी है, जिसको लेकर पुलिस आक्रोशित लोगों को चेतावनी भी दी है, लेकिन आक्रोशित लोग लागातार प्रदर्शन कर रहे हैं। बंटी की बहन गुड़िया देवी ने कहा कि 'देह व्यापार के खिलाफ मेरे भाई ने आवाज उठाई थी, इसलिए उसे उठाकर ले गए हैं।'

**मारपीट के बाद दुकानदार का अपहरण:** न्यू करबिगहिया के युवक बंटी कुमार को सोमवार की देर रात अगवा कर लिया गया। वह किराना दुकान चलाता है। देर रात बंटी पटना जंक्शन के पास स्थित एक दुकान पर दही खरीदने पहुंचा था, तभी कुछ लड़के पहुंचे और उसके साथ मारपीट करने लगे। उसके बाद उसका अपहरण कर के उसे ब्लैक रंग की स्कॉर्पियो से ले गए। इसका सीसीटीवी भी सामने आया था।

**दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ:** पुलिस ने इस मामले में बजरंगी और रोहित नामक दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। दोनों से घटना के संबंध में लगातार पूछताछ की जा रही है। साथ ही अन्य संदिग्धों की तलाश में अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी भी जारी है। पुलिस का कहना है कि तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और पूछताछ के आधार पर जांच आगे बढ़ रही है। फिलहाल प्राथमिकता अपहृत युवक की सकुशल बरामदगी है। इसके लिए कई पुलिस और एसआईटी की टीमें लगातार कार्रवाई कर रही हैं।

# घर से निकले 40 से ज्यादा कोबरा मिट्टी की दीवार में बना था डेरा

**एजेंसी, पटना**

पटना के पुनपुन प्रखंड के समकुड़ा गांव में मंगलवार को एक कच्चे मकान से 40 से अधिक सांप निकलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। सपेरे ने मिट्टी की दीवारों के भीतर छिपे छोटे-बड़े सांपों और उनके बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। यह घटना समकुड़ा गांव निवासी शंभू प्रसाद के घर की है। परिवार में पत्नी, दो बेटे और एक बच्चा रहते हैं। इस अनोखे रेस्क्यू को देखने के लिए आसपास के गांवों से भी लोगों की भीड़ जुट गई।

**घर में एक के बाद एक दिखे सांप:** शंभू प्रसाद के बेटे बंटी कुमार ने बताया, 'तीन दिन पहले रात में सोते समय उनकी नजर घर के भीतर एक सांप पर पड़ी। इसके कुछ ही देर बाद घर के अलग-अलग हिस्सों में तीन और सांप दिखाई दिए, जिससे परिवार दहशत में आ गया।'

**लगातार दिखने लगे सांप, तब बुलाया सपेरा:** शुरुआत में ग्रामीणों की मदद से कुछ सांपों को मार दिया गया, लेकिन बार-बार सांप निकलने से आशंका हुई कि घर के भीतर ही उनका बसेरा है। इसके बाद एक सपेरे को बुलाया



♦ सपेरे ने सुरक्षित रेस्क्यू किया, देखने जुटी ग्रामीणों की भीड़

गया। सपेरे ने पूरे मकान की बारीकी से तलाशी ली। जांच के दौरान मिट्टी की दीवारों के भीतर से एक-एक कर छोटे-बड़े सांप और उनके बच्चे निकलने लगे। देखते ही देखते 40 से अधिक सांपों को सुरक्षित बाहर निकालकर प्लास्टिक के डिब्बे में रखा गया।

**रेस्क्यू देखने उमड़ी भीड़:** एक ही घर से इतनी बड़ी संख्या में सांप निकलने की खबर पूरे गांव में तेजी से फैल गई। आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और रेस्क्यू अभियान देखने लगे। घटना के बाद ग्रामीणों ने अपने कच्चे और खपरैल मकानों की साफ-सफाई शुरू कर दी है।

# बिहटा में शराब डिलीवरी से पहले तस्कर गिरफ्तार

**एजेंसी, पटना**

पटना जिले की बिहटा पुलिस ने मंगलवार शाम एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से लगभग डेढ़ लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। यह गिरफ्तारी बिहटा रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर के पास हुई। गिरफ्तार तस्कर की पहचान आईआईटी अम्हारा थानाक्षेत्र के राजपुर गांव निवासी लाल बाबू सिंह के पुत्र सोनू सिंह के रूप में हुई है। सोनू सिंह पहले भी शराब तस्करी के मामले में जेल जा चुका है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि बिहटा रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर के पास शराब की डिलीवरी होने वाली है। इस सूचना पर पुलिस ने क्षेत्र की नाकेबंदी कर जांच शुरू की। इसी दौरान टिकट काउंटर के पास रेलवे स्टेशन से बाहर निकल रहे एक युवक को संदिग्ध पाया गया। युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसके बाद पुलिस ने उसे



❐ यूपी से लाकर 3000 प्रति बोतल बेचता था, 2018 में भी धंधे में गया था जेल

पकड़ लिया। उसकी तलाशी लेने पर बैग से यूपी निर्मित ब्रांडेड व्हिस्की की दो बोतलें मिलीं। पूछताछ में युवक ने बताया कि वह यूपी से शराब को बैग में भरकर बिहटा लाता था और प्रति बोतल 3000 में महंगी शराब बेचा करता था। इसके अलावा ग्राहकों की डिमांड पर भी कई महंगे शराब को 5000 से 10000 तक रुपए में भी बेचा करता था।

# पीएमसीएच में जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल खत्म

**एजेंसी, पटना**

पटना के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल PMCH में बुधवार दोपहर PMCH जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन (JDA) ने हड़ताल तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया है। स्वास्थ्य विभाग ने डॉक्टरों की प्रमुख मांगों पर कार्रवाई का भरोसा दिया। स्वास्थ्य विभाग से सकारात्मक वार्ता हुई है। PG रेजिडेंट डॉक्टरों के स्टाइपेंड और सीनियर रेजिडेंट के वेतन संशोधन का प्रस्ताव इसी सप्ताह वित्त विभाग को भेजा जाएगा। अन्य मांगों के समाधान अगले एक महीने में करने का आश्वासन दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने भी कहा, 'उनकी मांगों पर हम काम करेंगे और जल्द बैठक कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।' इस आश्वासन के बाद जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने मरीजों के हित और जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए हड़ताल समाप्त करने का फैसला लिया है।

**स्वास्थ्य मंत्री ने PMCH अधीक्षक को किया तलब:** स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने बुधवार सुबह PMCH अधीक्षक को विभाग बुलाकर पूरे मामले की जानकारी ली। इस बैठक के बाद निशांत कुमार ने कहा, 'अभी मैंने जानकारी ली है। जूनियर डॉक्टरों की मांगों को लेकर बात हुई है। उनकी कुछ डिमांड है। पीजी स्टूडेंट्स और सीनियर रेजिडेंट का स्टाइपैंड बढ़ाने




की बात है। हमने कहा है कि हम उस पर काम करेंगे। उन्होंने बोला है कि दोनों पक्ष मान गए हैं। JDA ने हड़ताल खत्म कर दिया है।'

**स्वास्थ विभाग ने 7 सदस्यीय कमेटी गठित किया:** वहीं, नर्सों की स्ट्राइक के बाद PMCH के जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन (JDA) ने भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया था। मंगलवार की शाम से OPD, जनरल वार्ड और ऑपरेशन थिएटर की सेवा ठप कर दी गई थी। हालांकि, आपातकालीन सेवा, ICU, लेबर रूम, आपातकालीन ऑपरेशन थिएटर आदि सेवा चलती रही। इस मामले को लेकर स्वास्थ विभाग ने 7 सदस्यीय कमेटी गठन किया है। अधीक्षक राजीव कुमार सिंह के मुताबिक, कमेटी को 7 दिनों के अंदर जांच रिपोर्ट सौंपना है।

**पीएमसीएच की नर्सों ने किया हड़ताल खत्म:** मंगलवार को नर्सों ने कार्य बहिष्कार किया था। इस दौरान 8 घंटे तक इमरजेंसी सेवा के साथ-साथ ओटी और दूसरी जरूरी सेवाएं पूरी तरह ठप हो गई थी। इससे 52 सर्जरी टल गया। PMCH के अधीक्षक डॉ राजीव कुमार सिंह न नर्सों से बात कर आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद सभी नर्स काम पर लौट आई हैं, लेकिन जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन (JDA) ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए थे।

❐ स्वास्थ्य मंत्री निशांत बोले- उनकी मांगों पर हम काम करेंगे, 7 सदस्यीय जांच समिति बनाई

**वार्डों में नर्सिंग सेवाएं हुई बाधित, दिनभर मरीज रहे परेशान:** मंगलवार को अस्पताल के इमरजेंसी, आईसीयू, शिशु रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग समेत विभिन्न वार्डों में नर्सिंग सेवाएं बाधित होने से मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई वार्डों में मरीजों को समय पर दवा, इंजेक्शन और ड्रिप तक नहीं मिल सकी। परिजनों का आरोप है कि घंटों तक कोई नर्स वार्ड में नहीं पहुंची, जिससे गंभीर मरीजों की हालत बिगड़ती गई। कई मरीज दर्द से कराहते रहे तो कुछ मरीज इलाज के लिए दूसरे अस्पतालों में जाने को मजबूर हुए।

# कर्नाटक के कारोबारी से 3 करोड़ की धोखाधड़ी आरोपी की तलाश में कर्नाटक पुलिस पटना पहुंची

**एजेंसी, पटना**

करीब तीन करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के मामले में कर्नाटक पुलिस की एक विशेष टीम मंगलवार को पटना पहुंची। स्थानीय पुलिस की मदद से टीम ने मौर्यालोक परिसर स्थित एक कारोबारी के कार्यालय पर छापेमारी की, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी दफ्तर में ताला लगाकर फरार हो गया।

**चीनी खरीद के लिए भेजे थे 3 करोड़ रुपए:** जानकारी के मुताबिक, कर्नाटक के एक चीनी कारोबारी ने पटना के मौर्यालोक परिसर में संचालित एक चीनी व्यवसायी से लगभग तीन करोड़ रुपये मूल्य की चीनी खरीदने का सौदा किया था। व्यावसायिक समझौते के तहत, माल की आपूर्ति से पहले ही पूरी भुगतान राशि पटना के कारोबारी के खाते में भेज दी गई थी।




**भुगतान के बाद भी नहीं भेजी चीनी:** आरोप है कि भुगतान होने के बाद भी पटना के कारोबारी ने तय समय पर चीनी की आपूर्ति नहीं की। शुरुआत में उसने माल भेजने में देरी का हवाला देते हुए कुछ दिन इंतजार करने को कहा। कई बार अलग-अलग कारण बताकर वह समय टालता रहा।

**संपर्क बंद होने पर दर्ज कराया मामला:** जब काफी समय बीत गया और चीनी की खेप नहीं पहुंची, तो कर्नाटक के व्यापारी को धोखाधड़ी का शक हुआ। पीड़ित कारोबारी ने कई बार फोन और अन्य माध्यमों से संपर्क करने की कोशिश की। पहले उसे आश्वासन मिलता रहा, लेकिन बाद में आरोपित ने फोन उठाना भी बंद कर दिया। कार्यालय और अन्य संपर्क सूत्रों से भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

♦ दफ्तर बंद कर फरार हुआ आरोपी, तलाश जारी

**पुलिस की दबिश से पहले ही फरार हुआ आरोपित:** इसके बाद कर्नाटक के व्यापारी ने थाने पहुंचकर केस दर्ज कराया। मामले की जांच के दौरान कर्नाटक पुलिस की विशेष टीम स्थानीय पुलिस के साथ पटना पहुंची और आरोपित के कार्यालय पर छापेमारी की। हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले ही वह दफ्तर बंद कर फरार हो गया।

फिलहाल, पुलिस आरोपी व्यवसायी की तलाश में संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# कोचिंग विवाद में खान सर की जमानत पर फैसला टला

**एजेंसी, पटना**

पटना के चर्चित कोचिंग विवाद मामले में आज सुबह 10: 30 बजे फिर सुनवाई हुई। कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद 10 जुलाई तक फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब 10 जुलाई को फैसला सुनाया जाएगा। इससे पहले कल कोर्ट की ओर से सुनवाई के दौरान फैजल खान उर्फ खान सर की क्रिमिनल हिस्ट्री की मांग की गई थी।

इस दौरान बचाव पक्ष की ओर से कहा गया है कि पुलिस की ओर से केस फाइल फाइनल कर दिया गया था। इसीलिए इस केस का जिक्र नहीं किया गया था। रौशन आनंद पक्ष की ओर से सत्या झा ने खान की जमानत का विरोध किया था। उन्होंने कोर्ट को बताया था कि फैजल खान की ओर से क्रिमिनल हिस्ट्री छिपाई गई है। इसके बाद कोर्ट ने कल सुनवाई के बाद क्रिमिनल इंसीडेंस सबमिट करने के लिए कहा था।



बता दें कि पटना पुलिस की जांच में फैजल खान (खान सर) के दोनों बॉडीगार्ड्स के हथियारों के वेरिफिकेशन के दौरान अहम जानकारियां सामने आई थीं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जिस हथियार से गोली चलवाई गई थी, वह तालेबर सिंह (34), निवासी कासगंज (उत्तर प्रदेश) का है, लेकिन उसके नाम पर जारी हथियार लाइसेंस का परमिट पूरे भारत के लिए मान्य नहीं पाया गया। आरोप है कि उतर प्रदेश से बिहार में हथियार लेकर आने, हथियार लेकर सुरक्षा ड्यूटी करने के लिए तालेबर सिंह के पास वैध अनुमति नहीं थी।

# बांकीपुर उपचुनाव- बीजेपी कैंडिडेट अभिषेक कुमार बंटी आज करेंगे नामांकन

**एजेंसी, पटना**

पटना के बांकीपुर विधानसभा सीट का उपचुनाव दिलचस्प मुकाबले की ओर बढ़ता दिख रहा है। बीजेपी ने भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार बंटी को अपना उम्मीदवार बनाया है। अभिषेक कायस्थ जाति से आते हैं और नितिन नवीन के करीबी माने जाते हैं। अभिषेक कल यानी गुरुवार को नामांकन करेंगे। नॉमिनेशन में बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन भी शामिल होंगे। वो बुधवार को 2 दिवसीय दौरे पर पटना आ रहे हैं।

जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर पहले ही चुनावी मैदान में उतर चुके हैं। पीके ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। वो रोजाना 7 घंटे जनसंपर्क कर रहे हैं। बुधवार को भी पीके ने बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड संख्या 35 एवं 29 में पदयात्रा कर लोगों से जनसंपर्क



किया। पदयात्रा की शुरुआत उन्होंने चिरैयाटांड़ दुर्गा मंदिर से की। वहीं, जन सुराज को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के नेता बिट्टू सिंह ने इस्तीफा दे दिया है।

उन्होंने बीजेपी को समर्थन देने की घोषणा की है। बांकीपुर उपचुनाव में बीजेपी के समर्थन में कैंपेनिंग करेंगे। वहीं, राजद ने रेखा कुमारी गुप्ता को उम्मीदवार बनाया है। हालांकि, रेखा गुप्ता की उम्मीदवार को लेकर पार्टी के अंदर ही खींचतान शुरू हो गई है। वहीं, राजद के इस फैसले से कांग्रेस भी नाराज बताई जा रही है।

# राहुल गांधी का पटना दौरा रद्द, कांग्रेस ने आचार संहिता को बताया वजह, अंदरखाने तैयारियां पूरी नहीं होने की भी चर्चाएं

**एजेंसी, पटना**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का प्रस्तावित पटना दौरा फिलहाल रद्द कर दिया गया है। 15 जुलाई को आयोजित होने वाला छात्र सम्मेलन अब नहीं होगा। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने इसके पीछे बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के चलते लागू आचार संहिता को आधिकारिक वजह बताया है। हालांकि, पार्टी के अंदर कार्यक्रम रद्द होने के अन्य कारणों को लेकर भी चर्चाएं चल रही हैं। जानकारी के अनुसार, छात्र सम्मेलन पहले 11 जुलाई को प्रस्तावित था। बाद में इसकी तारीख बदलकर 15 जुलाई कर दी गई थी। अब इसे पूरी तरह स्थगित कर दिया गया है। कांग्रेस का कहना है कि बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव की प्रक्रिया और आचार संहिता लागू होने के कारण इस तरह का बड़ा राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित करना उचित नहीं होगा।

**आचार संहिता का दिया गया हवाला:** कांग्रेस नेताओं का कहना है कि पटना में बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव को लेकर आचार



संहिता लागू है। ऐसे में बड़े राजनीतिक कार्यक्रम के आयोजन से चुनावी नियमों के उल्लंघन की आशंका थी। इसी वजह से राहुल गांधी का दौरा और छात्र सम्मेलन रद्द करने का फैसला लिया गया। वहीं, पार्टी सूत्रों के अनुसार कार्यक्रम रद्द होने के पीछे केवल आचार संहिता ही वजह नहीं है। अंदरखाने यह चर्चा भी है कि सम्मेलन की तैयारियां तय समय तक पूरी नहीं हो सकीं। बताया जा रहा है कि प्रदेश कांग्रेस संगठन को करीब 10 हजार छात्रों का विस्तृत डेटा तैयार करने का लक्ष्य दिया गया था।

**10 हजार छात्रों का डेटा तैयार करने का था लक्ष्य:** सूत्रों के मुताबिक, संगठन से कहा गया था कि ऐसे लगभग 10 हजार छात्रों के नाम और मोबाइल नंबर जुटाए जाएं, जो नीट सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विवादों या समस्याओं से प्रभावित रहे हों। उद्देश्य ऐसे छात्रों को सम्मेलन में जोड़कर उनके मुद्दों को प्रमुखता से उठाना था।

**डेटा तैयार नहीं होने की चर्चा:** पार्टी के अंदर यह भी चर्चा है कि निर्धारित समय तक छात्रों का आवश्यक डेटा और संपर्क सूची तैयार नहीं हो सकी। इसी कारण कार्यक्रम की तैयारियों पर असर पड़ा। हालांकि, कांग्रेस की ओर से इस संबंध में आधिकारिक रूप से कोई बयान नहीं दिया गया है। पार्टी अब भी कार्यक्रम रद्द होने की वजह आचार संहिता को ही बता रही है। राहुल गांधी के छात्र सम्मेलन की नई तारीख फिलहाल घोषित नहीं की गई है। अब सभी की नजर कांग्रेस के अगले फैसले पर है कि यह सम्मेलन उपचुनाव प्रक्रिया समाप्त होने के बाद आयोजित किया जाएगा या नहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### मैत्री ब्रिज के पास एसएसबी ने बांग्लादेशी नागरिक को दबोचा, हरैया पुलिस के हवाले



**बीएनएम@ रक्सौल।** भारत-नेपाल सीमा पर सतर्कता के बीच सशस्त्र सीमा बल (SSB) ने हरैया थाना क्षेत्र के कस्टम चौक स्थित मैत्री ब्रिज के समीप शनिवार को एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार कर हरैया पुलिस के हवाले कर दिया। गिरफ्तार युवक की पहचान बांग्लादेश निवासी 28 वर्षीय मोहम्मद श्याम हुसैन के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मोहम्मद श्याम हुसैन अवैध रूप से भारत में रह रहा था और नेपाल की ओर जाने की कोशिश कर रहा था। मैत्री ब्रिज के पास संदिग्ध गतिविधि देख SSB के जवानों ने उसे रोककर पूछताछ की। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उसे हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई के लिए हरैया थाना पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है। जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि वह भारत कब और किन परिस्थितियों में आया, यहां कहां-कहां रहा तथा नेपाल जाने के पीछे उसका क्या उद्देश्य था। उसके यात्रा दस्तावेजों और अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार हाल ही में आईजी बॉर्डर द्वारा सीमा सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर सख्त निर्देश दिए गए थे। इसके बाद भारत-नेपाल सीमा पर निगरानी और चौकसी और बढ़ा दी गई है। खुली सीमा का दुरुपयोग कर अवैध घुसपैठ और संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए SSB लगातार विशेष अभियान चला रही है। हरैया थानाध्यक्ष किशन कुमार ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर आगे की जांच जारी है। वैधानिक कार्रवाई के तहत संबंधित विदेश मंत्रालय एवं आप्रवासन विभाग से भी संपर्क किया जाएगा, जिसके बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अंग्रेजी शराब के साथ दो गिरफ्तार, तीन वारंटी समेत सात को भेजा गया न्यायिक हिरासत



**बीएनएम@ डुमरियाघाट।** डुमरियाघाट थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए अंग्रेजी शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा शराब के एक पुराने मामले के आरोपित और चार वारंटियों को भी गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि डुमरियाघाट थाना कांड संख्या 214/26 में अंग्रेजी शराब के साथ अमन कुमार (20), पिता धर्मेन्द्र गिरी, निवासी तुरकौलिया पूरवारी टोला, थाना तुरकौलिया तथा झुन्नु कुमार (19), पिता विदनेश गिरी, निवासी सबैया, थाना कोटवा, जिला पूर्वी चंपारण को गिरफ्तार किया गया। वहीं, डुमरियाघाट थाना कांड संख्या 165/26 में शराब के एक पुराने मामले के आरोपित मुनीर सहनी (36), निवासी सेमुआपुर, थाना डुमरियाघाट को भी गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त न्यायालय से निर्गत वारंट के आधार पर टीआर-1848/22 के वारंटी इब्राहीम मियां (44) एवं मंजूर आलम (38), दोनों निवासी पकड़ी, थाना डुमरियाघाट, टीआर-2807/25 के वारंटी मुसाफिर सहनी (50), निवासी सेमुआपुर तथा टीआर-145/25 के वारंटी जितेंद्र शर्मा (38), निवासी सेमुआपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सभी गिरफ्तार आरोपितों और वारंटियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### ट्रक चालक से मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर हमला, तीन गिरफ्तार; दो शराब के नशे में मिले

**बीएनएम@ डुमरियाघाट।** डुमरियाघाट थाना क्षेत्र में ट्रक चालक के साथ मारपीट की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम पर ही आरोपितों ने हमला कर दिया। पुलिस पदाधिकारी के साथ हाथापाई करते हुए उनकी वर्दी का स्टार तोड़ दिया गया और गला दबाने का प्रयास किया गया। महिला सिपाही एवं चालक सिपाही के साथ भी धक्का-मुक्की की गई। बाद में अतिरिक्त पुलिस बल के पहुंचने पर तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। इनमें से दो आरोपित शराब के नशे में पाए गए। पुलिस के अनुसार, डुमरियाघाट थाना की ईआरवी-8 टीम को कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी कि स्टेट हाईवे-74 स्थित अशोका पैलेस होटल के समीप शिवम ट्रांसपोर्ट पर ट्रक चालक पिंटू यादव के साथ मारपीट की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद पुलिस ने देखा कि जीशू मिश्रा, पिता रमेशचंद्र मिश्रा, थाना संग्रामपुर, आनंद मिश्रा, पिता स्व. नमीनारायण मिश्रा, निवासी रमपुरवा तथा अंकु मिश्रा, पिता आनंद मिश्रा, निवासी रमपुरवा ट्रक चालक के साथ मारपीट कर रहे थे। पुलिस द्वारा बीच-बचाव करने का प्रयास किए जाने पर तीनों आरोपित पुलिस टीम से उलझ गए। आरोप है कि आरोपितों ने पुलिस पदाधिकारी एसआई हकीम यादव के साथ हाथापाई की, उनकी वर्दी का स्टार तोड़ दिया तथा गला दबाने का प्रयास किया। इस दौरान महिला सिपाही और चालक सिपाही के साथ भी धक्का-मुक्की की गई। इतना ही नहीं, सरकारी ईआरवी वाहन की चाबी छीनने की भी कोशिश की गई। घटना की सूचना मिलते ही अतिरिक्त गश्ती दल मौके पर पहुंचा, जिसके बाद तीनों आरोपितों को काबू कर गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच कराई गई, जिसमें जीशू मिश्रा और आनंद मिश्रा के शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई। इस मामले में डुमरियाघाट थाना कांड संख्या 213/26 दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपितों के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा डालने, पुलिस पदाधिकारी के साथ मारपीट करने, सरकारी कार्य में अवरोध उत्पन्न करने तथा बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

### युवक को अगवा कर चाकू से हमले का प्रयास

**डायल-112 की तत्परता से बची जान**

**बीएनएम@ बेतियाः नौतन** : थाना क्षेत्र में एक युवक को साजिश के तहत अगवा कर जानलेवा हमला करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित मो. आयान ताज ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि रविवार सुबह मजहर आलम के पुत्र सोहेल आलम और दो अन्य युवक उसे बातचीत के बहाने बाइक पर बैठाकर ले गए। कुछ दूर जाने पर आरोपितों ने रास्ता बदल दिया और विरोध करने पर पीड़ित का मुंह दबाकर उसे जबरन खलवा खाप सरेह की ओर ले गए।आरोप है कि वहां विवेक शर्मा और सोहेल आलम ने चाकू से उस पर हमला करने का प्रयास किया। इसी बीच पीड़ित ने सूझबूझ दिखाते हुए डायल-112 पर कॉल कर दी। खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों के शोर मचाने और पुलिस वाहन के सायरन की आवाज सुनकर आरोपित मौके से फरार हो गए।

# 'एक का तीन' करने का लालच बना जाल, करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह का पुलिस ने किया भंडाफोड़

**12 घंटे तक चले ऑपरेशन में मास्टरमाइंड समेत चार गिरफ्तार, करोड़ों के नकली नोट, लाखों की नकदी, नकली सोने के बिस्किट और पुलिस की वर्दी बरामद**

**बीएनएम@ मोतिहारी**





मोतिहारी पुलिस ने नोट डबल और ट्रिपल करने के नाम पर लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले अंतरजिला गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए उसके मास्टरमाइंड समेत चार शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। करीब 12 घंटे तक चली सुनियोजित कार्रवाई में पुलिस ने भारी मात्रा में नकली भारतीय मुद्रा, लाखों रुपये की असली नकदी, नकली सोने के बिस्किट, पुलिस की वर्दी और अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किया है। पुलिस का दावा है कि यह गिरोह लंबे समय से बिहार के विभिन्न जिलों में लोगों को लालच देकर ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में सदर डीएसपी-1 दिलीप कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि भोपतपुर थाना क्षेत्र में एक संगठित गिरोह लोगों को कम समय में रुपये तीन गुना करने का झांसा देकर ठगी कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर प्रशिक्षु डीएसपी कुमारी प्रियंका और प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में सदर डीएसपी के अलावा भोपतपुर, कोटवा, पिपरा कोठी, कल्याणपुर, मुफस्सिल थाना पुलिस तथा जिला आसूचना इकाई को भी शामिल किया गया। इसके बाद पुलिस ने एक साथ कई ठिकानों पर छापेमारी शुरू की। करीब 12 घंटे तक लगातार चले अभियान के दौरान गिरोह के मास्टरमाइंड समेत चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों में भोपतपुर थाना क्षेत्र निवासी सुलेमान अंसारी, कोटवा निवासी बनारसी साह, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोढ़वा निवासी इम्तियाज आलम तथा कल्याणपुर निवासी मनोज राम शामिल हैं। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपितों के ठिकानों से 1.01 करोड़ रुपये के नकली भारतीय नोट, 13.20 लाख रुपये की असली भारतीय मुद्रा, 26 लाख रुपये के 'चिल्ड्रेन बैंक' लिखे नकली नोट, सोने जैसे दिखने वाले 38 नकली बिस्किट, पुलिस की वर्दी तथा अन्य कई आपत्तिजनक सामान बरामद किए। बरामद सामग्री से स्पष्ट हुआ कि गिरोह पूरी तैयारी और सुनियोजित तरीके से ठगी का धंधा चला रहा था। पूछताछ में आरोपितों ने पुलिस को बताया कि वे नकली नोट दिल्ली से मंगवाते थे और उन्हें सुरक्षित ठिकानों पर छिपाकर रखते थे। इसके बाद गांव-गांव जाकर लोगों को कम समय में रकम तीन गुना करने का प्रलोभन देते थे। लोगों का विश्वास जीतने के लिए गिरोह पहले कुछ असली नोट देता था और उन्हें बाजार में चलाकर जांच करने के लिए कहता था। जब सामने वाले को विश्वास हो जाता था कि गिरोह असली नोट दे रहा है, तब उससे बड़ी रकम लेकर आने के लिए कहा जाता था। डीएसपी ने बताया कि जैसे ही पीड़ित बड़ी राशि लेकर तय स्थान पर पहुंचता था, गिरोह के अन्य सदस्य पुलिस की वर्दी पहनकर मौके पर पहुंच जाते थे। वे खुद को पुलिसकर्मी बताकर छापेमारी का नाटक करते और पीड़ित के पास मौजूद पूरी राशि जब्त करने के नाम पर लेकर फरार हो जाते थे। अधिकांश लोग बदनामी और स्वयं लालच में फंसने के कारण पुलिस के पास शिकायत करने से बचते थे। गिरोह इसी मनोवैज्ञानिक कमजोरी का फायदा उठाकर लंबे समय से लोगों को अपना शिकार बना रहा था। पुलिस का मानना है कि इस गिरोह के तार अन्य जिलों और राज्यों से भी जुड़े हो सकते हैं। गिरफ्तार आरोपितों से लगातार पूछताछ की जा रही है ताकि पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके और इसमें शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी हो सके। सदर डीएसपी दिलीप कुमार ने कहा कि यह सफलता पुलिस की योजनाबद्ध कार्रवाई और विभिन्न थाना क्षेत्रों के बेहतर समन्वय का परिणाम है। उन्होंने बताया कि अभियान में शामिल सभी पुलिस अधिकारियों और जवानों को उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत करने की अनुशंसा की जाएगी। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि नोट डबल, ट्रिपल या कम समय में पैसे कई गुना करने जैसे किसी भी लालच में न आएं। यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार का प्रलोभन देता है तो उसकी सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस को दें। पुलिस का कहना है कि थोड़े से लालच के कारण लोग ऐसे संगठित अपराधी गिरोहों के शिकार बन जाते हैं। फिलहाल मामले की जांच जारी है और गिरोह के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

## मोबाइल दुकान में लूट की कहानी निकली फर्जी, 2 घंटे में पुलिस ने किया खुलासा; दुकानदार समेत दो गिरफ्तार

**बीएनएम@ मोतिहारी/पकड़ीदयाल**



पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र में मोबाइल दुकान से पिस्टल के बल पर 50 हजार रुपये की लूट की घटना का पूर्वी चंपारण पुलिस ने महज दो घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। जांच में सामने आया कि लूट की पूरी कहानी स्वयं दुकानदार ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर रची थी। पुलिस ने मामले में दुकानदार समेत दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है तथा लूटी गई राशि में से 32,400 रुपये, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 6 जुलाई 2026 को डुरमवाना निवासी आशिक अली ने पकड़ीदयाल थाना में आवेदन देकर आरोप लगाया था कि दो अज्ञात बदमाश उसकी मोबाइल दुकान में घुसकर पिस्टल के बल पर गल्ले से 50 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार चंदन के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने तकनीकी एवं मानवीय साक्ष्यों के आधार पर त्वरित जांच करते हुए मात्र दो घंटे के भीतर पूरे मामले का खुलासा कर दिया। जांच में पता चला कि आशिक अली ने अपने दोस्तों शाहिल अहमद और अमन कुमार के साथ मिलकर फर्जी लूट की साजिश रची थी। पुलिस के अनुसार, दुकान के गल्ले में रखी रकम उसके पिता को दुकान के एग्रीमेंट के एवज में एडवांस के रूप में मिली थी। निजी जरूरतों और ऑनलाइन गेम में हारे हुए पैसे के कर्ज को चुकाने के लिए इस फर्जी लूटकांड को अंजाम दिया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने शाहिल अहमद के पास से 32,400 रुपये नकद, घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन बरामद किए। मामले में आशिक अली और शाहिल अहमद को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि तीसरे आरोपित अमन कुमार की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। इस कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार चंदन, पकड़ीदयाल थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक रामानंद साह, धीरज कुमार, विकास कुमार साह, सहायक अवर निरीक्षक रामप्रवेश यादव, जिला आसूचना इकाई तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

## रामगढ़वा को 16 महीने में मिले 7वें बीईओ, ब्रजेश कुशवाहा ने संभाला अतिरिक्त प्रभार

**बीएनएम@ रामगढ़वा**



प्रखंड शिक्षा विभाग में एक बार फिर प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। रक्सौल के प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ब्रजेश कुशवाहा को रामगढ़वा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले 16 महीनों के दौरान रामगढ़वा को सातवें बीईओ मिले हैं, जिससे शिक्षा विभाग में लगातार हो रहे बदलाव चर्चा का विषय बने हुए हैं। नवनियुक्त बीईओ ब्रजेश कुशवाहा ने पदभार ग्रहण करने के बाद विभागीय कार्यालय में कार्यभार संभाला। इस अवसर पर आयोजित स्वागत समारोह में श्रीनिवास प्रसाद, नंदू राम, बीआरपी मुकेश कुमार, राजकुमार सहित शिक्षा विभाग के कई कर्मियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। पदभार ग्रहण करने के बाद ब्रजेश कुशवाहा ने कहा कि प्रखंड के विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने विभाग के लंबित कार्यों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने तथा शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षकों के सहयोग से कार्य करने की बात कही। उन्होंने विश्वास जताया कि टीमवर्क और नियमित मॉनिटरिंग के माध्यम से रामगढ़वा की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने का प्रयास किया जाएगा। नए बीईओ की नियुक्ति से शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों में बेहतर कार्यशैली और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जगी है।

## रुद्राभिषेक के साथ महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र का आगाज, कुलपति ने किया 'वैदेही कैफेटेरिया' का उद्घाटन

**बीएनएम@ मोतिहारी**



महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू), बिहार में ग्रीष्मावकाश के बाद नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ आध्यात्मिक आस्था, नवोत्साह और शैक्षणिक उत्कृष्टता के संकल्प के साथ हुआ। विश्वविद्यालय की समृद्धि, शांति और सतत प्रगति की कामना को लेकर बुधवार को गांधी भवन में कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति में रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस पावन अनुष्ठान में विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, प्रशासनिक एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी तथा छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर विश्वविद्यालय की निरंतर उन्नति और सफलता की प्रार्थना की। इस अवसर पर कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने सभी को नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं देते हुए समर्पण, नवाचार और सामूहिक प्रयास की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से विश्वविद्यालय शैक्षणिक उत्कृष्टता और संस्थागत विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। इसी क्रम में छात्र-केंद्रित सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में कुलपति ने गांधी भवन स्थित 'वैदेही कैफेटेरिया' का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह कैफेटेरिया केवल भोजन और अल्पाहार की सुविधा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों के बीच संवाद, शैक्षणिक चर्चाओं तथा सामुदायिक सहभागिता का सशक्त केंद्र बनेगा। यह पहल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और विश्वविद्यालय समुदाय के बीच बेहतर संवाद को बढ़ावा देगी। परिसर निदेशक प्रो. प्रसून दत्ता सिंह ने कैफेटेरिया के नामकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'वैदेही' माता सीता का एक पूजनीय नाम है, जो मिथिला और बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। यह नाम विद्यार्थियों में अपनी सांस्कृतिक जड़ों के प्रति आत्मीयता, गर्व और अपनत्व की भावना को मजबूत करेगा। कार्यक्रम में प्रो. शिरीष मिश्रा, प्रो. श्याम कुमार झा, प्रो. शहाना मजूमदार, प्रो. अरविंद कुमार शुक्ला, डॉ. कैलाश चंद्र प्रधान, डॉ. श्याम नंदन, डॉ. बबीता मिश्रा, डॉ. बबलू पाल, डॉ. अमित रंजन, विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) डॉ. सच्चिदानंद सिंह, उप कुलसचिव सुहर्ष कुमार सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पचपकड़ी हत्याकांड के चार फरार आरोपितों पर पांच-पांच हजार का इनाम घोषित

**बीएनएम@ मोतिहारी**

पूर्वी चंपारण पुलिस ने पचपकड़ी थाना क्षेत्र के चर्चित हत्याकांड के चार फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पांच-पांच हजार रुपये के इनाम की घोषणा की है। पुलिस ने आम लोगों से आरोपितों की सूचना देने की अपील करते हुए कहा है कि सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार, पचपकड़ी थाना कांड संख्या 107/26 (हत्याकांड) के फरार आरोपित अनहोती साह, पिता स्व. चुलाई साह, विगु साह, पिता बैजू साह, गजेन्द्र साह, पिता कृष्ण बिहारी तथा पार्वती देवी, पति रघु साह, सभी निवासी सिसवा मंगल, थाना पचपकड़ी, जिला पूर्वी चंपारण की गिरफ्तारी पर पांच-पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। पुलिस ने कहा है कि इन आरोपितों के संबंध में सटीक सूचना देने वाले व्यक्ति को घोषित इनाम की राशि प्रदान की जाएगी तथा उसकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को इन फरार आरोपितों के संबंध में कोई जानकारी मिले तो तत्काल मोतिहारी पुलिस के हेल्पलाइन नंबर 9031827100 पर सूचना दें, ताकि आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके। पुलिस का कहना है कि हत्याकांड में शामिल सभी फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## सफाई, जलनिकासी और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश, निगम की सशक्त स्थायी समिति की बैठक में कई अहम फैसले

**बीएनएम@ मोतिहारी**



नगर निगम मोतिहारी की सशक्त स्थायी समिति की बैठक में शहर की साफ-सफाई, जलनिकासी, एलईडी स्ट्रीट लाइट, सार्वजनिक शौचालय, महापुरुषों की प्रतिमाओं के जीर्णोद्धार एवं साइनेज अधिष्ठापन समेत जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर निर्णय लिए गए। उक्त बैठक में नगर क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी वार्डों में नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण साफ-सफाई, समय पर कूड़ा उठाव और झाड़ू कार्य सुनिश्चित किया जाएगा। कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित स्वच्छता निरीक्षक, वार्ड जमादार एवं कार्यदायी एजेंसी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही खराब एवं बंद पड़ी एलईडी स्ट्रीट लाइटों की शीघ्र मरम्मत कर उन्हें चालू कराने तथा वर्षा ऋतु को देखते हुए जल-जमाव वाले क्षेत्रों में त्वरित जलनिकासी सुनिश्चित करने के लिए मुख्य नालों और मोहल्लों की नालियों की नियमित सफाई कराने का निर्णय लिया गया।समिति ने महापुरुषों की प्रतिमाओं के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के लिए लंबित प्राक्कलन शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा सार्वजनिक एवं पिंक शौचालयों की लंबित योजनाओं का एग्रीमेंट पूरा कर निर्माण कार्य शुरू कराने, गांधी चौक के समीप एक सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराने तथा नव-निर्मित शौचालयों को आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर आमजन के उपयोग के लिए संचालित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में नगर निगम क्षेत्र में साइनेज अधिष्ठापन से संबंधित सभी प्रशासनिक एवं तकनीकी प्रक्रियाएं शीघ्र पूरी कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य प्रारंभ एवं पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को पूर्व में पारित प्रस्तावों एवं नए निर्णयों का गंभीरता से अनुपालन सुनिश्चित करने तथा लंबित कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय पर पूरा कराने के निर्देश दिए गए। समिति ने स्पष्ट किया कि कार्य में अनावश्यक विलंब, लापरवाही अथवा उदासीनता पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारी एवं कार्यदायी एजेंसी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक की जानकारी महापौर प्रीति कुमारी ने दी।

**संक्षिप्त समाचार**

## मानकों के विपरीत चल रहे दो निजी नर्सिंग होम सील

**बीएनएम@ योगापट्टी:** योगापट्टी में सहयोग पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय प्रशासन ने बुधवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो निजी स्वास्थ्य संस्थानों—रिशु चाइल्ड केयर और रितिका इमरजेंसी नर्सिंग होम—को सील कर दिया। संयुक्त छापेमारी दल का नेतृत्व सीएचसी प्रभारी डॉ. अब्दुल गनी और बीडीओ शशिभूषण कुमार ने किया।




जांच के दौरान इन संस्थानों में कई अनियमितताएं पाई गईं और संचालक वैध लाइसेंस व आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने में विफल रहे।डॉ. अब्दुल गनी ने बताया कि 6 जुलाई को दर्ज शिकायत (पंजीकरण संख्या REF518413) के अनुपालन में उच्चाधिकारियों के निर्देश पर यह त्वरित कार्रवाई की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मानकों का उल्लंघन करने वाले किसी भी निजी संस्थान को बख्शा नहीं जाएगा और इन संस्थानों के विरुद्ध स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है। छापेमारी के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी और पुलिस बल भी मौजूद रहे। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र के अवैध क्लीनिक संचालकों में हड़कंप मच गया है, वहीं स्थानीय नागरिकों ने इसे मरीजों की सुरक्षा के लिए एक सराहनीय कदम बताया है।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

**जिलाधिकारी ने दिया कार्रवाई का आश्वासन**



**बीएनएम@ समस्तीपुर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची के सतत अद्यतन अभियान की प्रगति की समीक्षा करना था। जिलाधिकारी ने बताया कि नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने और दोहरी प्रविष्टियों को सुधारने का कार्य निर्वाचन विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जा रहा है। उन्होंने राजनीतिक दलों से इस अभियान में सक्रिय सहयोग का आह्वान किया।इस अवसर पर बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के सफल प्रबंधन के लिए भारत निर्वाचन आयोग एवं महामहिम राष्ट्रपति द्वारा मिले सम्मान पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को सम्मानित किया। बैठक के दौरान दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं के नाम छूटने का मुद्दा भी उठा, जिस पर जिलाधिकारी ने नियमानुसार त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी बिनोद कुमार सहित विभिन्न प्रमुख राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासन की यह पहल निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सिरारी पंचायत में स्वास्थ्य शिविर का हुआ निरीक्षण

**लक्षणों को नजरअंदाज न करने की अपील**

**बीएनएम@ शेखपुराः** शेखपुरा जिले में चल रहे विशेष टीबी स्क्रीनिंग अभियान के अंतर्गत सिरारी पंचायत में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह ने निरीक्षण किया। जिला पदाधिकारी शेखर आनंद के निर्देशानुसार, यह अभियान स्वास्थ्य, शिक्षा, आईसीडीएस और जीविका सहित विभिन्न विभागों के समन्वय से 3 जुलाई से 14 अगस्त तक चलाया जा रहा है।निरीक्षण के दौरान डॉ. सिंह ने शिविर की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्यकर्मियों को टीबी के संभावित मरीजों की त्वरित पहचान और उपचार के निर्देश दिए। उन्होंने जनता से अपील की कि यदि किसी को दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार, वजन घटने या रात में पसीना आने जैसे लक्षण हों, तो वे नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क जांच अवश्य कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि टीबी पूरी तरह उपचार योग्य है। अभियान को सफल बनाने के लिए उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी सेविकाओं और आम नागरिकों से सक्रिय सहयोग की अपील की।



## ट्रांसफार्मर खराब होने से 100 घरों में अंधेरा

**ग्रामीणों ने सीपीआई कार्यालय पहुंचकर लगाई गुहार**

**बीएनएम@ शेखपुरा.** अरियरी प्रखंड की सनैया पंचायत के सहनौरा गांव में ट्रांसफार्मर खराब होने से लगभग 100 घरों की बिजली और नल-जल योजना की आपूर्ति ठप हो गई है, जिससे महादलित टोले के ग्रामीण बेहद परेशान हैं। सोमवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने सीपीआई कार्यालय पहुंचकर जिला सचिव प्रभात कुमार पांडेय को समस्या से अवगत कराया।सूचना मिलते ही प्रभात कुमार पांडेय और उप सरपंच रामदास गांव पहुंचे और वस्तुस्थिति का जायजा लिया। नेताओं ने तत्काल प्रभाव से बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर खराब इंसुलेटर बदलने और मिस्त्री भेजने की मांग की। अधिकारियों द्वारा शीघ्र सुधार के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए। सीपीआई ने चेतावनी दी है कि यदि बिजली व्यवस्था जल्द बहाल नहीं हुई, तो ग्रामीणों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।



## केंद्रीय विद्यालय के स्थायी भवन का रास्ता साफ

**5 एकड़ भूमि 30 वर्षों के लिए लीज पर हस्तांतरित**

**बीएनएम@ शेखपुराः** जिले में केंद्रीय विद्यालय के स्थायी भवन निर्माण की राह अब पूरी तरह साफ हो गई है। जमुआरा/कटनीकौल स्थित 5 एकड़ सरकारी भूमि को केंद्रीय विद्यालय के नाम 30 वर्षों की लीज पर हस्तांतरित करने की औपचारिक प्रक्रिया जिला निबंधन कार्यालय में पूरी कर ली गई है। इस दौरान अपर समाहर्ता लखींद्र पासवान की उपस्थिति में लीज डीड का पंजीकरण संपन्न हुआ।अपर समाहर्ता ने बताया कि इस भूमि पर विद्यालय के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त परिसर का निर्माण कार्य जल्द ही आरंभ किया जाएगा। 5 एकड़ के इस विशाल परिसर में खेल के मैदान, अत्याधुनिक विज्ञान एवं कंप्यूटर प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय और अन्य बुनियादी शैक्षणिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। प्रशासन का लक्ष्य है कि निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा हो ताकि जिले के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए एक बेहतर वातावरण मिल सके। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के अवसर पर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य उपस्थित रहे। यह कदम जिले में शैक्षणिक बुनियादी ढांचे को मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक मील का पत्थर माना जा रहा है।



# सुपौल-दरभंगा के बीच नए हाईवे को मंजूरी, 40 किमी कम होगी दूरी

**आर्थिक विकास को मिलेगी गति**

**कोसी और मिथिला क्षेत्र के लाखों लोगों को मिलेगी बड़ी राहत**

**बीएनएम@ पटना**

केंद्र सरकार ने सुपौल से दरभंगा के बीच नए राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण को आधिकारिक मंजूरी दे दी है, जो कोसी और मिथिला क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक सौगात है। यह महत्वाकांक्षी परियोजना सुपौल के बेरिया मंच से मधेपुर होते हुए दरभंगा तक विकसित की जाएगी। इस हाईवे के निर्माण से सुपौल, मधुबनी और दरभंगा के बीच न केवल सीधा संपर्क स्थापित होगा, बल्कि सुपौल से दरभंगा के बीच की दूरी भी लगभग 40 किलोमीटर तक कम हो जाएगी, जिससे यात्रा समय की भारी बचत होगी और आवागमन अधिक सुरक्षित व सुगम बनेगा।आर्थिक दृष्टि से यह राजमार्ग कोसी और मिथिलांचल के लिए गेम-चेंजर साबित होगा। बेहतर सड़क संपर्क कृषि उपज को बाजारों तक पहुंचाने, व्यापारिक गतिविधियों को गति देने और औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने में सहायक सिद्ध होगा। साथ ही, इससे सहरसा और उत्तर बिहार के अन्य क्षेत्रों सहित पूर्वोत्तर भारत की कनेक्टिविटी भी मजबूत होगी। इस परियोजना की सफलता के पीछे उपमुख्यमंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव की सक्रिय पहल और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का निरंतर प्रयास रहा है, जिसके फलस्वरूप केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इसे स्वीकृति प्रदान की है।अब भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जिसके बाद भूमि अधिग्रहण और निर्माण कार्य को गति दी जाएगी। इस हाईवे के पूरा होने से क्षेत्र में न केवल परिवहन का जाल बिछेगा, बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास के नए द्वार भी खुलेंगे, जिससे स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में सुधार की प्रबल संभावना है। यह विकास कार्य क्षेत्र में समृद्धि और औद्योगिक निवेश के लिए नए अवसरों का सृजन करेगा।



**युवक के अपहरण से आक्रोशित लोगों का सड़क पर प्रदर्शन, घंटों ठप रही यातायात व्यवस्था**

# बंटी की बरामदगी की मांग को लेकर परिजनों ने किया प्रदर्शन

**» जन सुराज उम्मीदवार प्रशांत किशोर पहुंचे मौके पर**

**बीएनएम@ पटना**

राजधानी पटना के न्यू करबिगाहिया इलाके में बंटी नामक युवक के कथित अपहरण के विरोध में बुधवार को स्थानीय निवासियों और परिजनों का गुस्सा सड़क पर उतर आया। युवक की सकुशल बरामदगी की मांग को लेकर आक्रोशित लोगों ने पटना जंक्शन के समीप मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और टायर जलाकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस प्रदर्शन के कारण इलाके में यातायात व्यवस्था लगभग एक घंटे तक पूरी तरह ठप रही, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।परिजनों का आरोप है कि घटना के एक दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस की कार्रवाई बेहद धीमी है और उन्हें जांच की प्रगति के बारे में कोई संतोषजनक जानकारी नहीं दी जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम प्रदर्शनकारियों को समझाने में जुटी रही, लेकिन वे बंटी के मिलने तक आंदोलन जारी रखने पर अड़े रहे। इस दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए और पुलिस अधिकारियों ने संभावित ठिकानों पर छापेमारी का भरोसा दिलाया। इसी बीच, बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र से जन सुराज के उम्मीदवार प्रशांत किशोर भी अपने चुनाव प्रचार के दौरान करबिगाहिया पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मिलकर उनकी व्यथा सुनी और उन्हें सांत्वना दी। साथ ही, उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। हालांकि, उनके पहुंचने के बाद भी प्रदर्शनकारी अपनी मांगों को लेकर सड़क पर डटे रहे। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने युवक की बरामदगी की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पूरे इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है और प्रशासन के लिए जल्द से जल्द युवक का सुराग लगाना एक बड़ी चुनौती साबित हो रहा है।



## बुल्डोजर राज' के विरोध में उतरे माले कार्यकर्ता

**357 भूमिहीन परिवारों को जमीन देने की मांग**

**बीएनएम@ बेतिया , मझौलिया**

भाकपा (माले) रेड फ्लैग की मझौलिया अंचल कमेटी ने बुधवार को सात सूत्री मांगों को लेकर शिव मंदिर परिसर से अंचल कार्यालय तक एक विशाल जुलूस निकाला और जोरदार प्रदर्शन किया। भिखम राम की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में राज्य सचिव रवीन्द्र कुमार 'रवि' ने बेतिया राज और सीलिंग से फाजिल भूमि पर गरीबों व भूमिहीनों को वासगीत का अधिकार देने की पुरजोर मांग की। उन्होंने बुल्डोजर कार्रवाई को दलित-गरीब विरोधी बताते हुए 20 अगस्त को विधानसभा घेराव की घोषणा की।प्रदर्शन के दौरान नेताओं ने वृद्धा, विधवा और दिव्यांग पेंशन को बढ़ाकर पांच हजार रुपये प्रति माह करने तथा क्षेत्र से पटना के लिए 10 जोड़ी नई ट्रेनों के परिचालन की मांग रखी। विरोध प्रदर्शन के उपरांत, सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने अंचलाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें मझौलिया अंचल के 357 भूमिहीन परिवारों को शीघ्र पांच डिसमिल जमीन आवंटित करने पर बल दिया गया। इस प्रदर्शन में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए, जिन्होंने सरकारी नीतियों के विरोध में जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर प्रशासन पर दबाव बनाया।




## आय से अधिक संपत्ति मामले में केवटी के पूर्व बीडीओ निलंबित




**बीएनएम@ पटना**

बिहार सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी 'जीरो टॉलरेंस' नीति को मजबूती देते हुए दरभंगा जिले के केवटी प्रखंड के पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) चंद्रमोहन पासवान को निलंबित कर दिया है। ग्रामीण विकास विभाग ने उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के गंभीर आरोपों के आधार पर यह सख्त कार्रवाई की है।प्राथमिक जांच में बीडीओ की चल और अचल संपत्तियों में आय के ज्ञात स्रोतों की तुलना में भारी विसंगति पाई गई है, जिसके बाद विभाग के अपर मुख्य सचिव ने उनके निलंबन और अनुशासनात्मक कार्रवाई का आदेश जारी किया। विभागीय सूत्रों के अनुसार, मामले की गंभीरता को देखते हुए आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) या अन्य जांच एजेंसियों से भी पड़ताल कराई जा सकती है। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि जांच में अन्य अधिकारियों की संलिप्तता सामने आती है, तो उन पर भी नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई बिहार सरकार के उस संकल्प को दर्शाती है जिसके तहत सरकारी सेवा में भ्रष्टाचार के प्रति कोई रियायत न बरतने का निर्देश दिया गया है।

# शराब कारोबारी सहित दो की गोली मारकर हत्या, पुलिस जांच में जुटी

**बीएनएम@ समस्तीपुर**

समस्तीपुर जिले के चकमेहसी थाना अंतर्गत नामापुर गांव में मंगलवार देर रात हुई दोहरे हत्याकांड ने पूरे इलाके को दहला दिया है। अज्ञात अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर कथित शराब कारोबारी प्रभात चौधरी और उसके साथी सन्नी कुमार की निर्मम हत्या कर दी। मृतक प्रभात चौधरी नामापुर का ही निवासी था, जबकि सन्नी कुमार बेलसंडी गांव का रहने वाला था। घटना उस समय हुई जब दोनों एक स्कॉर्पियो में सवार होकर सुनसान इलाके में मौजूद थे। घात लगाए अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि, उनके साथ मौजूद चालक जान बचाकर भागने में सफल रहा।



प्रभात कुमार चौधरी | सनी कुमार

वारदात की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया और साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम को बुलाया गया। पुलिस ने मौके से तीन लोडेड मैगजीन और कई कारतूस बरामद किए हैं। गौरतलब है कि प्रभात चौधरी का आपराधिक इतिहास रहा है और उस पर शराब तस्करी सहित कई मामले दर्ज थे। वर्ष 2023 में समस्तीपुर कोर्ट परिसर में भी उस पर जानलेवा हमला हुआ था, जिसके बाद उसकी सुरक्षा को लेकर कई सवाल उठे थे।प्रथम दृष्टया पुलिस इस हत्याकांड के पीछे शराब कारोबार में वर्चस्व और पैसों के लेनदेन का विवाद मानकर जांच कर रही है। प्रभात के पिता संजय कुमार चौधरी ने बताया कि सोमवार शाम उसका पुत्र किसी के बुलावे पर घर से निकला था और फिर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने पूर्व के हमले की जांच और पुलिस की कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठाए हैं। फिलहाल पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है और क्षेत्र में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही अपराधियों की पहचान कर उन्हें सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा।


**» कोर्ट परिसर में हुए पुराने हमले की भी हो रही समीक्षा**

## भूमि विवादों के स्थायी समाधान की ओर प्रशासन का कदम

**» 14 में से 3 मामलों का मौके पर हुआ निस्तारण**

**बीएनएम@ समस्तीपुर**

अनुमंडल प्रशासन ने भूमि विवादों के त्वरित और पारदर्शी निपटारे के लिए अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। इसी क्रम में, बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार की अध्यक्षता में एक विशेष सुनवाई आयोजित की गई। इस सत्र में क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों से कुल 14 भूमि संबंधी मामले सुनवाई के लिए प्रस्तुत किए गए। एसडीओ ने प्रत्येक प्रकरण की बारीकी से समीक्षा की और राजस्व अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर तथ्यों की जांच की।प्रशासनिक तत्परता का परिणाम यह रहा कि 14 में से 3 मामलों का मौके पर ही सफल निष्पादन कर दिया गया, जिससे संबंधित पक्षों को तुरंत राहत मिली। शेष 11 मामलों में विस्तृत जांच और अतिरिक्त दस्तावेजों की आवश्यकता को देखते हुए उन्हें अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। एसडीओ दिलीप कुमार ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि भूमि विवादों के समाधान में पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता बरती जाए ताकि नागरिकों को समयबद्ध न्याय मिल सके।यह पहल केवल विवादों के निपटारे तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य संवाद और प्रशासनिक समन्वय के माध्यम से विवादों के स्थायी समाधान का मार्ग प्रशस्त करना है। इस तरह के नियमित प्रयासों से क्षेत्र में भूमि संबंधी जटिलताओं में कमी आने और कानून-व्यवस्था सुदृढ़ होने की प्रबल संभावना है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया है, जिससे न्याय व्यवस्था के प्रति उनका विश्वास और बढ़ा है।



## नौरंगिया मानव तस्करी कांड, 24 दिनों में पूरी हुई सुनवाई

**बीएनएम@ बगहा**

बगहा पुलिस जिले के नौरंगिया थाना क्षेत्र में मानव तस्करी के एक चर्चित मामले में स्पीडी ट्रायल का रिकॉर्ड बनाते हुए मात्र 24 दिनों में सुनवाई पूरी कर ली गई है। भारतीय न्याय संहिता लागू होने के बाद पूर्वी एवं पश्चिम चंपारण में यह इस तरह का पहला मामला है, जिस पर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (चतुर्थ) मानवेंद्र मिश्र की अदालत गुरुवार, 9 जुलाई को अपना फैसला सुनाएगी।यह मामला तीन नाबालिग बच्चियों की तस्करी के प्रयास से संबंधित है। मामले में पश्चिम बंगाल निवासी नियोति देवी और उसके पुत्र नागेश भुइंया आरोपी हैं। अभियोजन के अनुसार, आरोपी थारू समुदाय के लोगों को झाड़-फूंक का झांसा देकर तस्करी का प्रयास कर रहे थे, जिनसे पुलिस ने मोबाइल फोन और आसनसोल के रेल टिकट भी बरामद किए थे। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने पुलिस गवाहों की भूमिका और बरामदगी प्रक्रिया पर सवाल उठाए, जबकि अभियोजन ने आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग की है। 22 जनवरी 2026 को दर्ज इस मामले में रिकॉर्ड समय में ट्रायल पूरा होने से न्याय प्रक्रिया की तत्परता स्पष्ट रूप से देखी जा रही है।

## पूसा विश्वविद्यालय ने लॉन्च की मक्का की दो नई किस्में

**21वीं अनुसंधान परिषद की बैठक संपन्न**

**बीएनएम@ समस्तीपुर**

डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा में आयोजित 21वीं अनुसंधान परिषद की तीन दिवसीय बैठक बुधवार को संपन्न हो गई। कुलपति डॉ. पी. एस. पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित इस सत्र में आगामी वर्ष के लिए जलवायु-स्मार्ट कृषि, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) और डिजिटल कृषि को विशेष प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया। कुलपति ने वैज्ञानिकों का आह्वान करते हुए कहा कि शोध कार्य केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित न रहकर सीधे किसानों के खेतों तक पहुंचने चाहिए। वर्तमान में विश्वविद्यालय में लगभग 200 अनुसंधान परियोजनाएं संचालित हैं, जो कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता रखती हैं।बैठक के दौरान मक्का की दो नई संकर किस्में 'राजेंद्र हाइब्रिड मक्का-5' और 'राजेंद्र हाइब्रिड मक्का-6' रिलीज के लिए प्रस्तुत की गईं, जो अधिक उपज देने के साथ-साथ इथेनॉल उत्पादन में भी सहायक होंगी। नवाचार के रूप में डॉ. विशाल कुमार ने गेहूं भंडारण के लिए आईओटी आधारित रियल टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम प्रस्तुत किया, जबकि डॉ. एस. पी. लाल द्वारा विकसित 'स्केल कैलकुलेटर' टूल की भी व्यापक सराहना हुई। विशेषज्ञों ने एआई आधारित फसल पूर्वानुमान, मृदा निगरानी और आर्सेनिक उपचार जैसे महत्वपूर्ण शोध विषयों की समीक्षा की।समापन सत्र में पूर्व कुलपति डॉ. ए. के. पाठक और डॉ. बी. गंगवार ने विश्वविद्यालय द्वारा डिजिटल कृषि को मुख्यधारा में शामिल करने के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने वैज्ञानिकों को शोध के कॉपीराइट संरक्षण पर ध्यान देने तथा पोस्ट हार्वेस्ट तकनीक व संसाधन संरक्षण में आधुनिकीकरण बढ़ाने की सलाह दी। कार्यक्रम का समापन कृषि अनुसंधान निदेशालय के डॉ. एस. के. ठाकुर के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के निदेशक, डीन और वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।



## आईआईएम बोधगयाः भूटान के शिक्षकों को दिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का विशेष प्रशिक्षण

**» भूटान के शिक्षकों के लिए आयोजित किया एमडीपी**

**बीएनएम@ गयाजी**

आईआईएम बोधगया ने भूटान के थिम्फू स्थित रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आरआईएम) के 13 शिक्षकों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर एक विशेष पांच दिवसीय आवासीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमडीपी) का आयोजन किया। संस्थान की निदेशक प्रो. विनिता एस. सहाय के मार्गदर्शन और डॉ. अमित कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को एआई की बारीकियों और आधुनिक तकनीकी कौशल में दक्ष बनाना था।इस कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, जनरेटिव एआई और लार्ज लैंग्वेज मॉडल जैसे विषयों पर गहन सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शिक्षकों ने चैटजीपीटी, जेमिनी, क्लॉड और नोटबुकएलएम जैसे प्रमुख एआई टूल्स का उपयोग करना सीखा। पाठ्यक्रम में एआई-आधारित शोध, डेटा प्रस्तुति, डिजिटल मार्केटिंग, सुशासन और एआई सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रशिक्षण के समापन पर शिक्षकों ने वास्तविक प्रबंधन चुनौतियों का सामना करने के लिए एआई आधारित परियोजनाओं का निर्माण और प्रस्तुतीकरण किया।प्रो. विनिता एस. सहाय ने इस अवसर पर कहा कि उच्च शिक्षा में एआई एक क्रांतिकारी बदलाव का वाहक है और यह पहल शिक्षण में नवाचार एवं तकनीक के जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देगी। यह एमडीपी न केवल शिक्षकों के लिए ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि आईआईएम बोधगया और आरआईएम, भूटान के बीच भविष्य में सहयोग और शैक्षणिक संबंधों के नए द्वार भी खोलेगा।



# अपनी सीढ़ी तैयार करने ही होगी

**बिना अपनी जमीन तैयार किए चीन की आपूर्ति शृंखला से जुड़कर विकसित होने की सोच समस्याग्रस्त है। विकास के लिए भारत को आखिरकार अपना मॉडल और अपनी सीढ़ी तैयार करनी ही होगी। फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष अनंत गोयनका की ये राय अहम है कि भारत को चीन से बचने की कोशिश के बजाय उससे कारोबारी संबंध बढ़ाने चाहिए। मैनुफैक्चरिंग क्षमता की मजबूती, नवाचार को बढ़ावा और वैश्विक आपूर्ति शृंखला से अधिक गहराई से जुड़ने के लिए ऐसा करना जरूरी है। फिक्की के सदस्य सीईओज के एक दल की पांच दिवसीय चीन यात्रा के बाद गोयनका चीन ये तीन खास बातें कहीः पहली, चीन कड़े मुकाबले वाले एक फाइटिंग रिंग की तरह है। वहां कंपनियां ऐसे 2-3 प्रतिशत की मार्जिन (मुनाफे) पर काम करती हैं। इस प्रतिस्पर्धा में सिर्फ कठोर और सर्वश्रेष्ठ कंपनियां ही टिक पाती हैं। दूसरी, वहां अनुसंधान एवं विकास और ऑटोमेशन उच्चतम स्तर पर हैं। कंपनियां इन क्षेत्रों में निवेश दास साल के भविष्य को ध्यान में रखकर करती हैं, ना कि किसी तिमाही नतीजे को देख कर। और तीसरी बात यह कि वहां सरकार एक मूक शेयरधारक है। सस्ता कर्ज, जमीन, बिजली और नीतिगत सहयोग इस पैमाने पर मिलता है कि प्रति इकाई लागत और मुनाफे का गणित बदल जाता है। इस कारण दूसरे देशों की कंपनियों के लिए प्रतिस्पर्धा का धरातल समान नहीं रह जाता। गोयनका की टिप्पणियां भारतीय कारोबारी सोच में बड़े बदलाव का संकेत हैं। भारतीय उद्योगपति अब इस भय से निकल गए हैं कि चीन भारत पर हावी हो सकता है। बल्कि राय यह उभरी है कि औद्योगिक विकास के अगले दौर में जाने के लिए चीनी आपूर्ति शृंखला से जुड़ना आवश्यक हो गया है। लेकिन गोयनका का यह तर्क विवादास्पद है कि भारत को औद्योगिक विकास के पारंपरिक चरणों को छोड़ देना कर सीधे डिजिटल रूप से एकीकृत, कम इंसानी दखल वाले उत्पादन की ओर बढ़ना चाहिए। उल्लेखनीय है कि हर विकसित देश ने ऑटोमेशन तब अपनाया, जब वह बड़े पैमाने पर उत्पादन को व्यवस्थित करना सीख चुका था। नीचे की सीढ़ियां छोड़कर भारत सीधे चोटी पर नहीं पहुंच सकता। यानी बिना अपनी जमीन तैयार किए चीन से जुड़कर विकसित होने की सोच समस्याग्रस्त है। विकास के लिए भारत को आखिरकार अपना मॉडल और अपनी सीढ़ी तैयार करने ही होगी।**

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की चिरस्थाई विरासतः संस्थाएं, विचार और राष्ट्र निर्माण

**गजेंद्र सिंह शेखावत**

इतिहास अक्सर महान नेताओं को उनके राजनीतिक संघर्षों के जरिए याद करता है। लेकिन राजनेताओं के चिरस्मरणीय योगदान राजनीति के दायरे तक ही सीमित नहीं होते। उनकी वास्तविक विरासत उनके द्वारा सृजित संस्थाओं, परिपोषित विचारों और आने वाली पीढ़ियों के लिए छोड़े गए आदर्शों में होती है। राष्ट्र भारत केसरी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का 125वां जन्म दिवस मना रहा है। इस अवसर पर उनके सार्वजनिक जीवन के एक ऐसे पहलू को स्मरण करना प्रासंगिक होगा जिसकी ओर व्यापक रूप से गौर करने की जरूरत है। यह पहलू है, राष्ट्र निर्माण की बुनियाद के रूप में संस्थाओं का सृजन करने की उनकी आजीवन प्रतिबद्धता।

स्वतंत्र भारत का उदय सिर्फ एक राजनीतिक संघर्ष से नहीं हुआ। उसे विश्वविद्यालय बनाने थे जो नागरिकों को शिक्षित करने में सक्षम हों। ऐसी अनुसंधान संस्थाएं खड़ी करनी थीं जो वैज्ञानिक ज्ञान का प्रसार कर सकें। उसे ऐसे उद्योग तैयार करने थे जो आर्थिक आत्मनिर्भरता पैदा कर सकें। सभ्यता की विरासत की रक्षा करने वाले सांस्कृतिक संगठनों और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती देने वाली लोक संस्थाओं को तैयार करना था। डॉ मुखर्जी ने जल्दी ही समझ लिया था कि राष्ट्र का भविष्य सिर्फ दूरद्रष्टा नेतृत्व पर ही निर्भर नहीं करता। यह उन मजबूत संस्थाओं पर भी निर्भर करता है जो नेताओं और सरकारों से ज्यादा टिकाऊ होंगी।

उनका असाधारण शैक्षिक कॅरियर उनके विश्वास को प्रतिबिंबित करता है। वह कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति बने। उन्होंने वैसे समय में यह कार्यभार संभाला जब उच्चतर शिक्षा भारत के बौद्धिक जागरण का केंद्र बन रही थी। उनके लिए विश्वविद्यालय सिर्फ स्नातक तैयार करने के स्थल नहीं थे। वे वैसे सुविज्ञ नागरिकों को गढ़ने वाले संस्थान थे जो सार्वजनिक जीवन में जिम्मेदारी के साथ योगदान करने में सक्षम हों। उनकी राय थी कि शिक्षा को राष्ट्र निर्माण के वृहत्तर कार्य से अलग नहीं किया जा सकता। विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रगति के प्रति उनका समर्पण विश्वविद्यालयों के परिसर से कहीं आगे बढ़कर था। भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु की कोर्ट और काउंसिल के सदस्य के तौर पर, उन्होंने भारत के प्रमुख वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्रों में से एक को मज़बूत बनाने में योगदान दिया। 1947 में, उन्होंने डिपार्टमेंट ऑफ़ पावर इंजीनियरिंग की आधारशिला रखी क्योंकि वे भली-भांति समझते थे कि स्वतंत्र भारत की आर्थिक प्रगति के लिए इंजीनियरिंग की शिक्षा और प्रौद्योगिकी क्षमता बहुत ज़रूरी होगी। नवाचार को मुख्य नीतिगत लक्ष्य बनाए जाने से बहुत पहले ही, उन्होंने यह समझ लिया था कि वैज्ञानिक उत्कृष्टता और औद्योगिक विकास ही देश की दीर्घकालिक मज़बूती तय करेंगे। स्वतंत्रता के बाद, जब डॉ. मुखर्जी भारत के पहले उद्योग और आपूर्ति मंत्री बने, तब इस दृष्टिकोण को व्यावहारिक रूप दिया गया। उन शुरुआती सालों में, नए नए आज़ाद देश के सामने एक औद्योगिक आधार तैयार करने की बड़ी चुनौती थी। चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स और सिंदरी फर्टिलाइज़र फैक्ट्री जैसे संस्थान सिफ़र् मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों के तौर पर नहीं, बल्कि तकनीकी क्षमता और आर्थिक आत्मनिर्भरता हासिल करने के भारत के संकल्प के प्रतीक के तौर पर स्थापित किए गए थे। डॉ. मुखर्जी के लिए, औद्योगीकरण कभी भी अपने आप में कोई अंतिम लक्ष्य नहीं था; यह राष्ट्रीय क्षमता और सामूहिक आत्मविश्वास में किया गया एक निवेश था। हालाँकि, किसी भी संस्थान के निर्माण के लिए केवल भौतिक अवसंरचना या प्रशासनिक कुशलता की ही ज़रूरत नहीं होती। इसके लिए सहानुभूति, जन-सेवा और नैतिक ज़िम्मेदारी की भावना की भी आवश्यकता होती है। डॉ. मुखर्जी में इन गुणों की झलक 1943 के बंगाल अकाल के दौरान ही साफ़ तौर पर दिखाई दी थी, जब उन्होंने बीसवीं सदी की सबसे बड़ी मानवीय त्रासदी से प्रभावित लोगों के लिए बड़े पैमाने पर राहत कार्य करने में खुद को समर्पित कर दिया था। विभाजन के बाद, उन्होंने विस्थापित लोगों के पुनर्वास के लिए बड़े पैमाने पर काम किया। वे समझते थे कि राष्ट्र के पुनर्निर्माण में संस्थानों को फिर से खड़ा करने के साथ-साथ लोगों के दुख दर्द को कम करना और उस पर मरहम लगाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उनका सार्वजनिक जीवन, भारत की सांस्कृतिक विरासत के प्रति गहरी समझ और सम्मान को भी दर्शाता था। महाबोधि सोसाइटी ऑफ़ इंडिया के अध्यक्ष के तौर पर, उन्होंने बौद्ध देशों के साथ भारत के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों को मज़बूत करने में अहम भूमिका निभाई। सभ्यतागत कूटनीति के स्थायी महत्व को समझते हुए, बुद्ध के मुख्य शिष्यों—अर्हत सारिपुत्र और अर्हत मौद्गल्यायन—के पवित्र अवशेषों का भारत में स्वागत करने में उन्होंने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। आज भी, मंगोलिया जैसे देशों के साथ इन पवित्र अवशेषों को साझा करने की भारत की कोशिशें यह दिखाती हैं कि किस तरह सांस्कृतिक विरासत अंतरराष्ट्रीय सद्भावना को मज़बूत करती है और ऐतिहासिक संबंधों को और गहरा बनाती है। साहित्य और विद्वता के प्रति भी उनकी चिंता उतनी ही स्पष्ट थी। उनके पत्रों से पता चलता है कि उन्होंने प्रसिद्ध कवि काज़ी नज़रुल इस्लाम की उनके व्यक्तिगत संकट के समय किस तरह मदद की थी। ऐसी घटनाएँ हमें याद दिलाती हैं कि सार्वजनिक नेतृत्व को केवल बड़े नीतिगत फैसलों से ही नहीं, बल्कि उदारता के उन शांत और मौन कार्यों से भी आंका जाता है, जिन पर शायद ही कभी लोगों का ध्यान जाता है। डॉ. मुखर्जी ने संस्थागत निर्माण के इसी दृष्टिकोण को संविधान सभा में भी आगे बढ़ाया। संविधान के निर्माण को "एक बड़ी जिम्मेदारी" और "एक गंभीर और पवित्र विश्वास" के रूप में वर्णित करते हुए, उन्होंने संवैधानिक शासन के साथ जुड़ी नैतिक ज़िम्मेदारियों पर ज़ोर दिया। उनके वे शब्द आज भी बेहद प्रासंगिक हैं। संविधान की ताकत अंततः न केवल उसके लिखित प्रावधानों पर, बल्कि संसद की शुचिता, सार्वजनिक संस्थानों की स्वतंत्रता, कानून के शासन और नागरिकों की जिम्मेदारी पर भी निर्भर करती है। संवैधानिक लोकतंत्र तभी फलता-फूलता है जब संस्थाओं पर जनता का भरोसा हो और वे ईमानदारी से काम करें।

जैसे-जैसे भारत एक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर अग्रसर हो रहा है, डॉ. मुखर्जी की सोच हमें एक ज़रूरी बात याद दिलाती है। सिफ़र् आर्थिक विकास से ही देश की तरक्की तय नहीं होती। संवहनीय विकास के लिए शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी नवाचार, सांस्कृतिक संरक्षण और लोगों का भरोसा जगाने वाले संस्थानों में लगातार निवेश की ज़रूरत होती है। सड़कें, हवाई अड्डे और कारखाने बेहद जरूरी हैं, लेकिन उतने ही जरूरी वे विश्वविद्यालय भी हैं जो जिज्ञासा को प्रोत्साहित करते हैं, वे प्रयोगशालाएँ जो ज्ञान का विस्तार करती हैं, वे संग्रहालय जो विरासत को संजोते हैं और वे सार्वजनिक संस्थान जो संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करते हैं, वे भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। संस्थाओं में एक अद्भुत गुण होता हैः वे सरकारों, राजनीतिक आंदोलनों और यहाँ तक कि कई पीढ़ियों से भी ज़्यादा समय तक बनी रहती हैं। वे संचित ज्ञान को संजोकर रखती हैं, बदलाव के बीच निरंतरता बनाए रखती हैं और समाज को दीर्घकालिक राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम बनाती हैं। नेता इतिहास को आकार दे सकते हैं, लेकिन संस्थाएं सभ्यता को जीवित रखती हैं। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सार्वजनिक जीवन का सबसे अहम सबक यही है। उनकी विरासत केवल उन पदों तक सीमित नहीं है जो उन्होंने संभाले या उन बहसों में भी नहीं है जिनमें उन्होंने हिस्सा लिया, बल्कि यह उनके उस अटूट विश्वास में निहित है कि मजबूत संस्थान ही किसी राष्ट्र की आकांक्षाओं के सच्चे संरक्षक होते हैं। जैसे-जैसे भारत अपनी विकास यात्रा पर आगे बढ़ रहा है, ज्ञान, वैज्ञानिक चेतना, सांस्कृतिक आत्मविश्वास और संवैधानिक मूल्यों को बढ़ावा देने वाले संस्थानों को मजबूत करना ही उनके प्रति सबसे सार्थक श्रद्धांजलि होगी।

(लेखक केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री हैं।)

# इंडोनेशिया यात्रा से भारत को मिली नई रणनीतिक ताकत दो दिन के दौरे में रक्षा व्यापार समुद्री सुरक्षा और वैश्विक साझेदारी को मिली नई दिशा

**कांतिलाल मांडोत**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दो दिवसीय इंडोनेशिया दौरा केवल एक औपचारिक विदेश यात्रा नहीं बल्कि भारत की बदलती वैश्विक भूमिका और बढ़ती रणनीतिक शक्ति का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया है। इस यात्रा ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अब केवल एक बड़ा बाजार नहीं बल्कि रक्षा तकनीक आधुनिक सैन्य उपकरण विश्वसनीय साझेदारी और क्षेत्रीय सुरक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है। जकार्ता में हुए उच्चस्तरीय वार्ता और समझौतों ने भारत और इंडोनेशिया के संबंधों को नई ऊंचाई दी है। इस दौरान रक्षा सहयोग व्यापार समुद्री सुरक्षा ऊर्जा आपूर्ति महत्वपूर्ण खनिजों तकनीकी सहयोग और सांस्कृतिक रिश्तों को और मजबूत बनाने की दिशा में कई बड़े फैसले हुए। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को इंडोनेशिया पहुंचे और मंगलवार को उनके दौरे का दूसरा दिन रहा। इस दो दिवसीय यात्रा में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और भारत के प्रधानमंत्री को इंडोनेशिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किया। यह सम्मान केवल नरेंद्र मोदी के लिए नहीं बल्कि भारत के 140 करोड़ नागरिकों और दोनों देशों के बीच दो हजार वर्षों से चले आ रहे ऐतिहासिक संबंधों की स्वीकृति के रूप में देखा जा रहा है। किसी भी देश द्वारा दिया गया सर्वोच्च सम्मान उस देश के साथ विश्वास और सम्मान के रिश्ते का प्रतीक होता है और यह भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रमाण भी है।

इस यात्रा की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि भारत की सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल का इंडोनेशिया द्वारा खरीदने का निर्णय रहा। इसके साथ ही इंडोनेशिया भारतीय अस्त्र एयर टू एयर मिसाइल भी खरीदेगा जिसने हाल के सैन्य अभियानों में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। भारत के लिए यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अब वह केवल हथियार आयात करने वाला देश नहीं बल्कि आधुनिक रक्षा उपकरणों का बड़ा निर्यातक बनकर उभर रहा है। रक्षा निर्यात में लगातार हो रही वृद्धि भारत की आत्मनिर्भर रक्षा नीति की सफलता का संकेत है। इससे देश की रक्षा उत्पादन क्षमता मजबूत होगी नई नौकरियों का सृजन होगा अनुसंधान और विकास को गति मिलेगी तथा विदेशी मुद्रा की आमद भी बढ़ेगी। भारत का रक्षा निर्यात पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ा है और अब देश लगभग अस्सी देशों को विभिन्न प्रकार के रक्षा उपकरण उपलब्ध करा रहा है। फिलीपींस और वियतनाम के बाद इंडोनेशिया का भी भारतीय मिसाइल प्रणाली पर भरोसा जताना इस बात का प्रमाण है कि भारतीय रक्षा तकनीक विश्व स्तर पर स्वीकार की जा रही है। इससे भारत की रक्षा कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में नई पहचान मिलेगी और भविष्य में अन्य देशों के साथ भी बड़े रक्षा समझौते होने की संभावना बढ़ेगी। इस यात्रा का दूसरा बड़ा लाभ समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में सामने आया। भारत और इंडोनेशिया ने मिलकर साबांग बंदरगाह के विकास पर सहमति जताई है। यह बंदरगाह मलक्का जलडमरूमध्य के निकट स्थित है जहां से दुनिया के बड़े हिस्से का समुद्री व्यापार गुजरता है। भारत के अंडमान निकोबार द्वीप समूह के निकट स्थित यह क्षेत्र सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस सहयोग से हिंद महासागर और हिंद प्रशांत क्षेत्र में भारत की रणनीतिक उपस्थिति और मजबूत होगी। साथ ही समुद्री मार्गों की सुरक्षा व्यापारिक गतिविधियों और नौसैनिक सहयोग को भी नई मजबूती मिलेगी।

भारत के लिए इंडोनेशिया केवल एक रणनीतिक साझेदार ही नहीं बल्कि ऊर्जा और औद्योगिक विकास का भी महत्वपूर्ण सहयोगी है। इंडोनेशिया दुनिया में निकल के सबसे बड़े भंडारों में से एक है जो इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी बनाने के लिए अत्यंत आवश्यक धातु है। दोनों देशों ने महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला मजबूत करने और स्टील निकल तथा रेयर अर्थ मैग्नेट के क्षेत्र में निवेश बढ़ाने पर सहमति जताई है। इससे भारत की इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग बैटरी निर्माण और भविष्य की हरित ऊर्जा परियोजनाओं को बड़ा लाभ मिलेगा। ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी और भारत को आवश्यक कच्चे माल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

तकनीकी सहयोग के क्षेत्र में भी यह यात्रा उल्लेखनीय रही। भारत इंडोनेशिया के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन विकसित करने में सहयोग करेगा। यह भारतीय चुनाव प्रणाली की विश्वसनीयता और तकनीकी क्षमता का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र द्वारा विकसित चुनावी तकनीक पर दूसरे देशों का भरोसा भारत की संस्थागत क्षमता को भी नई पहचान देता है। भारत और इंडोनेशिया के संबंध केवल रणनीति और व्यापार तक सीमित नहीं हैं बल्कि दोनों देशों को हजारों वर्षों से संस्कृति और सभ्यता भी जोड़ती रही है। भारतीय संस्कृति का प्रभाव आज भी इंडोनेशिया के बाली और जावा जैसे क्षेत्रों में स्पष्ट दिखाई देता है। रामायण और महाभारत पर आधारित सांस्कृतिक परंपराएं वहां आज भी जीवित हैं। प्रधानमंत्री मोदी का प्रम्बानन मंदिर जाना इसी सांस्कृतिक विरासत का सम्मान है। नौवीं शताब्दी में निर्मित यह विशाल हिंदू मंदिर परिसर विश्व धरोहर के रूप में प्रसिद्ध है और दोनों देशों के सांस्कृतिक संबंधों का जीवंत प्रतीक है।

प्रधानमंत्री मोदी की विदेश यात्राओं को लेकर अक्सर चर्चा होती रही है लेकिन समय के साथ इन यात्राओं के परिणाम भी स्पष्ट दिखाई देने लगे हैं। अब भारत वैश्विक मंचों पर अधिक प्रभावशाली भूमिका निभा रहा है।

(वरिष्ठ पत्रकार साहित्यकार-स्तम्भकार)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)




**मेष राशि** : आज का दिन आपके लिए नए अनुभवों से भरा रहने वाला है। परिवार के लोगों से आपको सहयोग मिलेगा। आपको माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज आप नया काम शुरू करने की योजना बनायेंगे, आगे चलकर इससे आपको फायदा होगा। इस राशि के छात्रों के सफलता का स्तर बाकी लोगों की तुलना में अच्छा रहेगा।

**वृष राशि** : आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला रहेगा। व्यस्तता के बावजूद रचनात्मक कामों में रुचि बनी रहेगी। घर में नवीनीकरण और साज-सज्जा से जुड़े बदलाव कर सकते हैं इससे पारिवारिक माहौल में नई ऊर्जा आएगी। जीवनसाथी किसी काम के लिये आपकी तारीफ कर सकते है, इससे आपका मन खुश रहेगा।

**मिथुन राशि** : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सफल होंगे। व्यवसाय में नए लोगों से संपर्क बनेंगे, जिससे उन्नति के नए स्रोत बनेगे आज प्रतिद्वंदी कमजोर रहेंगे। गवर्नमेंट से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। अपने संपर्कों का सही उपयोग करें। जीवन में आगे बढ़ने के नए रास्ते अपने आप खुलते जायेंगे।

**कर्क राशि**: आज का दिन आपके लिए सफलता के नए अवसर लेकर आएगा। आपका आदर्शवादी व्यक्तित्व अन्य लोगों के लिए मिसाल बनेगा। व्यापार की गति सामान्य बनी रहेगी।आज माता-पिता के साथ रिश्ते और बेहतर होंगे। विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने का मन बनायेंगे।

**सिंह राशि** : आज आपका दिन सामान्य रहेगा। घर में भाई-बहन की मदद से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज करियर में आपको सफलता मिलेगी। आज आपको अपने काम को टालने से बचना चाहिए। आज परिवार में सुख-सौभाग्य में बढ़ोतरी होगी। आज आपके सहकर्मी किसी कार्य को पूरा करने के लिए आपसे फोन पर राय लेंगे।

**कन्या राशि** : आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज किसी धार्मिक या सामाजिक आयोजन में योगदान देने से मन को खुशी मिलेगी आपका मान- सम्मान बढ़ेगा और आसपास के लोग आपकी कार्यशैली की सराहना करेंगे। आज आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। आपके इष्ट मित्र को आपकी मदद की जरूरत होगी। परिवार में सभी सदस्यों के साथ आपसी तालमेल बना रहेगा।

**तुला राशि**: आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज कारोबार से जुड़े मामलों में दूसरों पर भरोसा करने के बजाय फैसले खुद लेने का प्रयास करें। आज किसी भी पार्टी के साथ बिजनेस डील करते समय अपना आत्मविश्वास बनाए रखें आय की स्थिति बेहतर होगी। पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से आज आपको बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं।

**वृश्चिक राशि**: आज आपका दिन खुशी से भरा रहेगा। आज परिवारजनों के साथ खुशियों के पल बितायेंगे। आज अपने बड़े भाई से नई बात आपको सीखने को मिलेगी। आज आपको किसी भी तरह की मानसिक उलझन से मुक्ति मिलेगी, जिससे काफी राहत महसूस करेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी।

**धनु राशि**:आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। शैक्षणिक कार्यों में आज आपका मन लगेगा। इस राशि के राजनीति से जुड़े लोगों को आज सफलता मिलेगी। परिवार में आज किसी सदस्य से छोटी मोटी नोक झोंक होने की संभावना है। बेहतर होगा आज बेवजह किसी भी मामले में बिना मांगे सलाह न दें और किसी के व्यक्तिगत मामले में भी दखल देने से बचें। आज सही योजना के तहत अपने करियर में बदलाव लायेंगे।

**मकर राशि**: आज आपको अच्छी खबर मिलेगी, जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। यदि आप सोशल वर्क से जुड़े है तो आज आपको किसी नए कॉन्टैक्ट से फायदा होगा। आज आपके विरोधी भी आपकी उदारता से बहुत प्रभावित होंगे और रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। आज आप अपना काम समय से पूरा कर लेंगे। यदि आज आप नया काम शुरू करना चाहते है।

**कुंभ राशि**: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। लम्बे समय से चल रहा कोर्ट-कचहरी के मामले को निपटने के लिए किसी ख़ास दोस्त से फ़ोन पर ही राय लेंगे। आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। आज आपके कारोबार में तरक्की के योग बन रहे है। सामाजिक क्षेत्र में आज आपकी छवि अच्छी होगी। अपनी कार्ययोजनाओं को अमल में लाने का अनुकूल समय है। आज आपकी बातों से परिवार के लोग सहमत रहेंगे।

**मीन राशि**:आज आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। कुछ प्रभावशाली लोगों का सहयोग आपके उत्साह को दोगुना कर देगा और आपके व्यक्तित्व में नया निखार आयेगा जिससे आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज अध्यात्म के प्रति लगाव बढ़ेगा। आज ननिहाल पक्ष से खुशखबरी मिल सकती है। आज आप लोगों को अपनी बातें समझाने में सफल होंगे। रुके हुए कामों को दोबारा गति देने का उचित समय है।

# आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन : भारत के डिजिटल स्वास्थ्य का आधार

**कांतिलाल मांडोत**

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) ने विश्व की सबसे बड़ी डिजिटल स्वास्थ्य अवसंरचनाओं में से एक का निर्माण किया है। इसके अंतर्गत 104 करोड़ से ज्यादा स्वास्थ्य रिकॉर्ड 93 करोड़ से अधिक आभा खातों से जोड़े गए हैं। एबीडीएम ने कागजी कार्रवाई को खत्म कर और इंतजार के समय में कमी लाकर रोगियों को बीमाकर्ताओं, अस्पतालों और डॉक्टरों से एक एकीकृत नेटवर्क से जोड़ दिया है।

डिजिटल स्वास्थ्य अवसंरचना का निर्माणः भारत सबके लिए स्वास्थ्य सुविधा की ओर लगातार बढ़ रहा है, जहाँ हर कोई बिना किसी आर्थिक कठिनाई के गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकता है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए एक मज़बूत डिजिटल आधार की ज़रूरत है। स्वास्थ्य सेवाओं को ज़्यादा आसान, कुशल और सुलभ बनाने के लिए एक मज़बूत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना अनिवार्य है।

एक डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टमः मरीज़ों के रिकॉर्ड को सुरक्षित रूप से रखने में मदद करता है। लोगों को स्वास्थ्य सेवा और बीमा प्रदाताओं से जोड़ता है। यह स्वास्थ्य रिकॉर्ड्स को आसानी से एक जगह से दूसरी जगह ले जाने की सुविधा देता है, जिससे नागरिक देश भर में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन से जुड़े किसी भी स्वास्थ्य केंद्र पर अपने स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड्स को सुरक्षित रूप से देख और शेयर कर सकते हैं।

यह बिना पहचान वाले गोपनीय स्वास्थ्य डेटा तैयार करता है। इस डेटा का उपयोग स्वास्थ्य योजना और सेवा वितरण में सुधार करने के साथ-साथ भारत के उभरते हुए कृत्रिम मेधा (एआई) इकोसिस्टम को मज़बूत करने के लिए किया जा सकता है। इस तरह की अवसंरचना के होने से बीमारी पर नज़र रखने, निदान और स्वास्थ्य प्रबंधन के क्षेत्र में नए नवाचार की संभावना बनती है। इसे ध्यान में रखते हुए, भारत सरकार ने एक एकीकृत और नागरिक-केंद्रित राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम विकसित करने के लिए सितंबर 2021 में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) की शुरुआत की। एक एबीडीएम-सक्षम सॉफ्टवेयर का उपयोग करके, स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते (आभा) से जुड़े डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड बना सकते हैं। इसके अलावा, वे मरीज़ की सहमति लेने के बाद उनके पिछले रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से देख सकते हैं और मरीज़ की ऐसी मंजूरी, जिसे कभी भी वापस लिया जा सके और जो एक तय समय के लिए हो, के ज़रिए डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड का आदान-प्रदान कर सकते हैं। आभा आधार की तरह एक विशिष्ट पहचान है, जो लोगों को सुरक्षित रूप से व्यापक स्वास्थ्य प्रणाली से जोड़ता है। यह मरीजों को डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँचने में मदद करता है। वे इस एक अंतर-संचालनीय नेटवर्क के माध्यम से अपने पूरे मेडिकल इतिहास को सुरक्षित रखते हुए बीमा कंपनियों, स्वास्थ्य सुविधाओं, डॉक्टरों और अन्य सेवाओं से जुड़ सकते हैं। मई 2026 में हासिल की गई एक बड़ी उपलब्धि के तहत, अब 104 करोड़ से अधिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड 93 करोड़ से भी ज़्यादा आभा खातों से जुड़ चुके हैं। यह एक व्यवस्थित डिजिटल सार्वजनिक स्वास्थ्य तंत्र की दिशा में अहम प्रगति है।

एबीडीएमः एक संपूर्ण डिजिटल स्वास्थ्य तंत्र : आभा के अलावा, एबीडीएम एक पूर्ण रूप से विकसित डिजिटल स्वास्थ्य तंत्र है। यह मरीजों को उनके मेडिकल रिकॉर्ड से जोड़ता है, बीमा कंपनियों को अस्पतालों से जोड़ता है, और सभी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को एक ही नेटवर्क पर लाता है। आभा संख्याः 14 अंकों की एक विशिष्ट स्वास्थ्य पहचान या संख्या जो आपकी सहमति से विभिन्न अस्पतालों, लैब, बीमा कंपनियों और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में आपके सभी स्वास्थ्य रिकॉर्ड को जोड़ती है।

स्वास्थ्य व्यावसायिक पंजीयनः देश के सभी स्वास्थ्य पेशेवर डॉक्टरों से लेकर आयुष चिकित्सकों तक का पंजीयन, जो सत्यापित होते हैं और डिजिटल रूप से जुड़े हुए हैं। स्वास्थ्य सुविधा रजिस्ट्रीः सभी सरकारी और निजी स्वास्थ्य सुविधाओं—जैसे अस्पतालों, क्लीनिकों, लैब और फार्मेसियों का एक राष्ट्रीय पंजीकरण, जो सभी एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं। यूनिफाइड हेल्थ इंटरफेसः स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक खुला नेटवर्क—जैसे स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए यूपीआई। इसके ज़रिए किसी भी ऐप से अपॉइंटमेंट बुक करें, डॉक्टरों से परामर्श लें और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं का पता लगा सकते हैं। आरोग्य सेतु 2.0ः यह डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं और एक व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिकॉर्ड (पीएचआर) के लिए एक एकीकृत माध्यम के रूप में कार्य करता है, जिससे देश भर में डिजिटल स्वास्थ्य को अपनाने की रफ़्तार को तेज़ किया जा रहा है। आरोग्य सेतु 2.0

मूल रूप से भारत के कोविड-19 ट्रेसिंग एप्लिकेशन (कोविड-19 संपर्क में आने वालों का पता लगाने वाला एप) के रूप में विकसित, आरोग्य सेतु को एबीडीएम के तहत नागरिकों के लिए एक व्यापक डिजिटल स्वास्थ्य एप्लिकेशन के रूप में बदल दिया गया है। यह डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं और एक व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिकॉर्ड के लिए एक एकीकृत गेटवे के रूप में कार्य करता है, जो देश भर में डिजिटल स्वास्थ्य को अपनाने की गति को तेज़ कर रहा है। आरोग्य सेतु 2.0 को 29 जून, 2026 को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा द्वारा एबीडीएम के तहत एक नए रूप और नागरिक-केंद्रित डिजिटल स्वास्थ्य एप्लिकेशन के रूप में शुरू किया गया था। मुख्य विशेषताएं

एबीडीएम-सक्षम सेवाओं तक पहुँचः इसमें आभा आईडी बनाना, स्वास्थ्य रिकॉर्ड का प्रबंधन करना और बिना किसी परेशानी के डिजिटल पंजीकरण के लिए स्कैन और रजिस्टर जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

स्मार्ट रिपोर्ट्सः ये रिपोर्ट्स ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्निशन (ओसीआर) तकनीक पर आधारित हैं, जो डिजिटल दस्तावेजों को आसानी से पढ़ सकती हैं।

पारदर्शी कवरेज और क्लेम की जानकारीः इसके तहत एनएचसीएक्स के माध्यम से आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना वॉलेट और निजी बीमा के विवरण को देखा जा सकता है। आपातकालीन देखभाल तक समय पर पहुँचः पास की स्वास्थ्य सुविधाओं का पता लगा सकते हैं और आपातकालीन देखभाल तक समय पर पहुँच के लिए ई-रक्तकोष के माध्यम से रक्त की वास्तविक समय पर उपलब्धता देख सकते हैं। एआई-संचालित स्वास्थ्य अंतर्दृष्टिः बायोमार्कर और आरोग्य प्रवृत्तियों के विश्लेषण के लिए अपने अपलोड किए गए रिकॉर्ड को एबीडीएम से जुड़े डेटा के साथ जोड़कर एआई-आधारित स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# सूर्यकुमार यादव ने भारतीय टीम के प्रति समर्थन जताया, वैभव सूर्यवंशी को दी शुभकामनाएं

**एजेंसी, मुम्बई**

भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सूर्यकुमार यादव ने उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की जमकर प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। भारतीय टी20 टीम से बाहर किए जाने के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सूर्यकुमार ने टीम के प्रति भी अपना समर्थन देते हुए कहा कि वह बेहतर प्रदर्शन की कामना करते हैं। सूर्यकुमार ने 15 साल की उम्र में वैभव के डेब्यू को लेकर कहा कि ये तो उसे शानदार सफर की शुरुआत है। अभी उसे काफी आगे जाना है। गौरतलब है कि इंग्लैंड के खिलाफ ओल्ड ट्रैफर्ड में दूसरे टी20 मुकाबले में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखने वाले वैभव अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाले भारत के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। वैभव के लिए सूर्यकुमार ने लिखा, वैभव,







यह तुम्हारे बेहद रोमांचक सफर की सिर्फ शुरुआत है। हर पल का आनंद लो और देश का नाम रोशन करते रहो। सूर्या का यह संदेश एक अनुभवी खिलाड़ी द्वारा एक युवा प्रतिभा को दिया गया महत्वपूर्ण प्रोत्साहन माना जा रहा है है। सूर्यकुमार ने मौजूदा भारतीय टीम के लिए भी अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने जोर देकर कहा कि वह हमेशा खिलाड़ियों के साथ खड़े रहेंगे और टीम को अपना पूरा समर्थन देते रहेंगे। उन्होंने लिखा, मैं टीम के लिए बेहद खुश हूं। मैं हमेशा खिलाड़ियों के लिए सिर्फ शुभकामनाएं देता हूं। मुझे पता है कि सभी खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश कर रहे हैं और उन्हें मेरा पूरा समर्थन हमेशा मिलेगा। यह संदेश ऐसे समय में आया है जब सूर्यकुमार को भारतीय टी20 टीम से बाहर कर दिया गया है। हाल ही में, बीसीसीआई ने उनसे कप्तानी भी वापस ले ली थी और उनकी जगह श्रेयस अय्यर को टीम की कमान सौंप दी। आगामी जिम्बाब्वे दौरे के लिए घोषित टी20 टीम में भी सूर्यकुमार को जगह नहीं मिली है, जिससे उनके करियर पर सवालिया निशान लग गए हैं। खराब फॉर्म ही उनके बाहर होने की मुख्य वजह मानी जा रही है। इसी साल भारत को टी20 विश्व कप जिताने वाले कप्तान होने के बावजूद, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार संघर्ष और हालिया आईपीएल में मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाने के कारण उन्हें टीम में अपनी जगह गंवानी पड़ी है।

## अमेरिका में तेजी से बढ़ रही क्रिकेट की लोकप्रियता : रिपोर्ट

**एजेंसी, न्यूयार्क**

अमेरिका में अब क्रिकेट की लोकप्रियता भी तेजी से बढ़ती जा रही है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) रहा है। एमएलसी का चौथा सीजन भी चल रह है जिससे दुनिया भर के दिग्गज खिलाड़ी अलग अलग टीमों से खेल रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार जिस प्रकार से देश में नए स्टेडियमों का निर्माण हो रहा है उससे भी खेल के बढ़ते रुझान का अंदाजा होता हे। इसके साथ ही साल 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किये जाने से भी इसका आकर्षण बढ़ा है। इससे साफ है कि अमेरकी धरती पर क्रिकेट धीरे-धीरे अपनी जगह बना रहा है। एमएलसी लीग में अभी छह टीमें खिताब के लिए उतरी हैं। अगले सत्र तक इसमें आठ




टीमों को शामिल करने कीयोजना है, जो देश में क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता का एक स्पष्ट संकेत है। इस लीग ने न केवल स्थानीय प्रतिभाओं को मंच दिया है, बल्कि इसने अंतरराष्ट्रीय सितारों को भी अमेरिकी मैदानों पर आकर्षित किया है, जिससे दर्शकों की रुचि बढ़ रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी इस खेल के लिए एक गेम चेंजर साबित होगी। ये भी कहा जा रहा है कि जब ओलंपिक में क्रिकेट मैचों के बाद अमेरिका के स्थानीय लोग भी इसे गंभीरता से अपनाएंगे। इससे खेल को एक नई पहचान मिलेगी और इसकी लोकप्रियता में तेजी आएगी। यह उम्मीद की जा रही है कि ओलंपिक मंच क्रिकेट को एक वैश्विक दर्शक वर्ग प्रदान करेगा और अमेरिकी युवाओं को इस खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा। एमएलसी में कई बेहतरीन क्रिकेटर खेल रहे हैं। भारत को 2012 अंडर-19 विश्व कप जिताने वाले पूर्व कप्तान उन्मुक्त चंद साल 2021 से ही अमेरिका में क्रिकेट खेल रहे हैं, ने पिछले पांच वर्षों में यहां खेल के तेजी से विकास को देखा है। उनका कहना है कि हर साल कुछ नया देखने को मिल रहा है। हाल ही में लॉस एंजिलिस में एक क्रिकेट स्टेडियम का तैयार होना इस विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है। एलए नाइट राइडर्स ने कैलिफोर्निया के पोमोना में इस नए अत्याधुनिक क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन किया है, जिसमें आठ पिच, आईसीसी मानकों के अनुरूप आउटफील्ड और 120 फीट ऊंचे छह फ्लडलाइट टावर शामिल हैं। यही मैदान 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के क्रिकेट मुकाबलों की मेजबानी करेगा, जिससे इसकी महत्ता और बढ़ जाती है।

## मेरी पहली प्राथमिता ऑस्ट्रेलियाई टीम से खेलना : पैट कमिंस

**एजेंसी, सिडनी**

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि उनकी पहली प्राथमिकता ऑस्ट्रेलियाई टीम से खेलना है। ऐसे में साल 2027 में एकदिवसीय विश्वकप कप और एशेज सीरीज को देखते हुए वह आईपीएल से दूरी बना सकते हैं। कमिंस के अनुसार वह टेस्ट मैच और एकदिवसीय विश्वकप को देखते हुए उनकी लिए फिटनेस बनाये रखना जरुरी है। ऐसे में वह कार्यभार प्रबंधन को सबसे ज्यादा जरुरी मानने है। वहीं आईपीएल में खेलने से थकान ओर चोटिल होने का खतरा



बना रहता है। उनका कहना है कि अगले एक साल में 21 टेस्ट मैचों की सीरीज होगी, जिसमें आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में क्वालीफाई करने का अवसर भी रहेगा। इस दौरान ऑस्ट्रेलियाई टीम को दक्षिण अफ्रीका, भारत और इंग्लैंड के खिलाफ खेलना हैं। ऑस्ट्रेलिया का यह व्यस्त कार्यक्रम 2027 में एकदिवसीय विश्व कप के साथ समाप्त होगा। वहीं मार्च में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच 150वीं वर्षगांठ का टेस्ट मैच भी होगा। इसी बीच आईपीएल भी पड़ेगा। इसके बाद इंग्लैंड में एशेज सीरीज खेली जाएगी। कमिंस ऑस्ट्रेलिया के लिए सीरीज को जीतना चाहते हैं। इसका कारण है कि टीम ने साल 2001 के बाद से ही कोई सीरीज नहीं जीती है। कमिंस ने कहा कि फिटनेस बनाये रखने के लिए न किसी स्तर पर कुछ न कुछ छोड़ना ही पड़ेगा और वह टेस्ट मैच या एकदिवसीय विश्व कप तो नहीं छोड़ेंगे।

## गंभीर ने बताया सैमसन को शामिल नहीं किये जाने का कारण

**एजेंसी, नौटिंघम।** बल्लेबाज संजू सैमसन को इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में अवसर नहीं दिये जाने के कारण आलोचना झेल रहे भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अब इसका कारण बताया है। गंभीर ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मौजूद फार्म देखना पड़ता है। इसके अलाव टीम को सही संयोजन की भी जरुरत होती है। नॉटिंघम में हुए तीसरे टी20 में मिली हार बाद, गंभीर ने मीडिया से बात करते हुए कहा , हमें अच्छी तरह पता है कि सैमसन ने भारतीय टीम के लिए क्या योगदान दिया है और वह निश्चित रूप से एक शानदार खिलाड़ी हैं। हालांकि, कभी-कभी हमें किसी खिलाड़ी की मौजूदा फॉर्म पर भी गहराई से विचार करना पड़ता है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसा कोई कारण नहीं है कि सैमसन इस मौजूदा सीरीज में वापसी नहीं कर सकते परन्तु साथ ही कहा कि अंत में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में परिणाम ही सबसे अधिक महत्व रखते हैं। गंभीर ने अपनी बात जारी रखते हुए यह भी स्पष्ट किया, हमारा चयन उस संयोजन पर आधारित होता है जो हमें सबसे प्रभावी लगता है और जिससे हमें मैदान पर सकारात्मक परिणाम मिलने की संभावना होती है।

## 53 के हुए सौरव गांगुली, जन्मदिन पर मिली बधाईयां

**एजेंसी, कोलकाता**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली आज 53 साल के हो गये। इस अवसर पर उन्हें प्रशंसकों के साथ ही साथी खिलाड़ियों ने भी बधाई दी है। गांगुली को एक ऐसे कप्तान के तौर पर याद किया जाता है जिन्होंने टीम को विदेशी धरती पर भी आक्रामक अंदाज अपनाकर जीतना सिखाया। भारतीय टीम में नई प्रतिभाओं को अवसर देने के लिए वह जाने जाते है। उनका करियर हालांकि उतार-चढ़ाव से भरा रहा पर उन्हें हर चुनौती ने और मजबूत बनाया। गांगुली ने साल 1992 में एकदिवसीय क्रिकेट में पदार्पण किया पर उन्हें असली पहचान उन्हें 1996 में



इंग्लैंड के ऐतिहासिक लॉड्र्स मैदान पर अपने टेस्ट डेब्यू में मिली, जहां उन्होंने शानदार 131 रनों की पारी खेलकर दुनिया को अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। यह सिर्फ एक शतक नहीं था, बल्कि भारतीय क्रिकेट के एक नए अध्याय की शुरुआत थी। उन्होंने जल्द ही अपने को एक भरोसेमंद बल्लेबाज के रूप में स्थापित किया, जिसकी बल्लेबाजी में एक अलग ही शान थी। उनकी कप्तानी का दौर भारतीय क्रिकेट के लिए एक स्वर्ण युग साबित हुआ। उन्होंने टीम में आक्रामकता और आत्मविश्वास का संचार किया, जिससे टीम मेजबान टीम के घर में भी बड़ी जीत दर्ज करने लगी। गांगुली ने ही वीरेंद्र सहवाग, युवराज सिंह, हरभजन सिंह, महेन्द्र सिंह धोनी और जहीर खान जैसे कई युवा प्रतिभाओं को पहचान कर उन्हें विश्व मंच पर चमकने का अवसर दिया। उन्हीं की कप्तानी में टीम इंडिया ने 2002 की नेटवेस्ट सीरीज में इंग्लैंड को उसी की धरती पर हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की, जिसने भारतीय क्रिकेट में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ।

# बिजनेस

## सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी के भाव में भी मामूली गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में आज सोना 1,360 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,250 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। वहीं चेन्नई में सोने के भाव 1,600 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,750 रुपये प्रति 10 ग्राम तक गिर गए हैं। चांदी की बात करें, तो इस चमकीली धातु की कीमत में आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम की सांकेतिक गिरावट दर्ज की गई है। भाव में आई गिरावट के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,45,250 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,46,170 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,33,140 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,33,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा




है। चांदी के भाव में मामूली कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,44,800 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,45,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,33,290 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,45,250 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,33,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,45,300 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,33,190 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,46,170 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,33,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,45,250 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,33,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,45,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,33,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,45,400 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,33,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,45,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,33,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,45,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,33,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में गिरावट दर्ज की गई है।

## सब्सक्रिप्शन के लिए खुला कुसुमगर लिमिटेड का आईपीओ, 10 जुलाई तक लगाई जा सकती है बोली

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इंजीनियरिंग फैब्रिक्स और एयरोस्पेस एवं डिफेंस सॉल्यूशंस का निर्माण करने वाली कंपनी कुसुमगर लिमिटेड का 650 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 10 जुलाई तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 13 जुलाई को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 14 जुलाई को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 15 जुलाई को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। पहले दिन दोपहर 11:30 बजे तक ये आईपीओ 1.01 गुना सब्सक्राइब हो चुका था। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 398 रुपये से लेकर 419 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 35 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम से कम 1 लॉट यानी 35 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 14,665 रुपये का निवेश करना होगा। इसी तरह रिटेल इनवेस्टर 1,90,645 रुपये के निवेश से अधिकतम 13 लॉट में 455 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं।

## भारत का आसियान देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार 2025-26 में हुआ 128 अरब डॉलर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत की आसियान देशों के साथ आर्थिक साझेदारी मजबूत हुई है। भारत और आसियान देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 128 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक आसियान देशों के साथ रिश्तों को और मजबूत करने के लिए भारत 6 से 10 जुलाई तक 13वीं आसियान-भारत व्यापार समझौता (एआईटीआईजीए) की संयुक्त समिति (जेसी) और उससे जुड़ी बैठकों की मेजबानी कर रहा है, ताकि एआईटीआईजीए की समीक्षा के तहत बातचीत की प्रगति का जायजा लिया जा सके। आसियान भारत का प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में से एक है, जो भारत के वैश्विक व्यापार का लगभग 11 फीसदी हिस्सा है। मंत्रालय के मुताबिक नई दिल्ली के वाणिज्य भवन में ये बैठकें भारत और आसियान के बीच सहयोग को गहरा करने, आपसी समझ को मजबूत करने और रचनात्मक संवाद को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य कर



रही हैं। संयुक्त समिति की बैठक में उप-समितियों को उनके काम के क्षेत्रों में रणनीतिक मार्गदर्शन दिया गया और उनसे एआईटीआईजीए समीक्षा के तहत बाकी बचे अध्यायों को जल्द से जल्द पूरा करने का आग्रह किया गया। बातचीत की गति बनाए रखने के लिए उप-समितियों को तय समय-सीमा के भीतर काम पूरा करने की जिम्मेदारी दी गई और उन्हें सहमत समय-सीमा के अंदर ठोस नतीजे हासिल करने के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। मंत्रालय ने कहा कि एआईटीआईजीए जॉइंट कमिटी के तहत आठ सब-कमिटी में से तीन की बैठकें अभी 13वीं संयुक्त समिति की बैठक के साथ-साथ हो रही हैं। इनमें कस्टम्स प्रक्रियाओं और व्यापार को आसान बनाने पर बनी सब-कमिटी (एससी-सीपीटीएफ), नेशनल ट्रीटमेंट और मार्केट एक्सेस पर बनी सब-कमिटी (एससी-एनटीएमए), और रूल्स ऑफ ओरिजिन पर बनी सब-कमिटी (एससी-आरओओ) शामिल हैं। मंत्रालय ने बताया कि 7 जुलाई को 13वीं एआईटीआईजीए संयुक्त समिति की बैठक की सह-अध्यक्षता वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में वाणिज्य विभाग के अपर सचिव नितिन कुमार यादव और मलेशिया के निवेश, व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय की उप महासचिव (व्यापार) मस्तुरा अहमद मुस्तफा ने की। इस बैठक में आसियान के सभी सदस्य देशों-ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओ पीडीआर, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम के प्रतिनिधिमंडलों ने भाग लिया।

## मारुति सुज़ुकी के खरखौदा संयंत्र में एक मेगावाट बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली चालू

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश की अग्रणी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने हरियाणा के खरखौदा विनिर्माण संयंत्र में एक मेगावाट-घंटा (एमडब्ल्यूएच) क्षमता वाली बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) चालू कर दी है। मारुति सुजुकी इंडिया ने बुधवार को कहा कि शुरुआती पहल के तहत बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) को खरखौदा संयंत्र के आंतरिक बिजली वितरण नेटवर्क के साथ एकीकृत किया गया है। यह पहल संयंत्र की अक्षय ऊर्जा दक्षता को अधिकतम करने और कार्बन पदचिह्न को कम करने में मदद करेगी।



एमएसआईएल ने कहा कि बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) कम मांग वाले समय या संयंत्र में अवकाश के दिनों के दौरान उत्पन्न अतिरिक्त बिजली को संग्रहित कर आवश्यकता पड़ने पर उपयोग में लाकर इस चुनौती का समाधान करती है। संयंत्र में अवकाश के दिनों में सौर ऊर्जा की मांग नहीं होने के कारण उत्पन्न बिजली का उपयोग नहीं हो पाता था। कंपनी ने कहा कि इसके अलावा बीईएसएस बिजली ग्रिड की स्थिरता में सुधार करने में भी मदद करेगी। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हिसाशी ताकेउची ने कहा कि कंपनी आत्मनिर्भर ऊर्जा परिवेश को लेकर भारत की नीति के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। ताकेउची ने कहा कि खरखौदा संयंत्र में बीईएसएस की शुरुआत इसी दिशा में उसके सतत प्रयासों का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि बीईएसएस से हर साल लगभग 54 टन कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) उत्सर्जन में कमी लाने में मदद मिलेगी।

## महेश मुरलीधर पई को साउथ इंडियन बैंक का एमडी और सीईओ नियुक्त करने को मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली :** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने महेश मुरलीधर पई को साउथ इंडियन बैंक का नया प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्ति करने की मंजूरी दे दी है। उनका कार्यकाल 1 अक्टूबर 2026 से शुरू होगा और तीन साल तक रहेगा। साउथ इंडियन बैंक ने बुधवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया आरबीआई ने महेश मुरलीधर पई को बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्ति करने की मंजूरी दे दी है। यह नियुक्ति रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की मंजूरी (DIN: 09164982) के अनुसार, 01 अक्टूबर, 2026 से तीन साल की अवधि के लिए होगी। केरल स्थित निजी क्षेत्र के साउथ इंडियन बैंक ने बताया कि महेश मुरलीधर पई को एमडी और सीईओ नियुक्ति करने का प्रस्ताव 16 जुलाई को होने वाली निदेशक मंडल की बैठक में रखा जाएगा। इसके बाद शेयरधारकों की मंजूरी ली जाएगी। उल्लेखनीय है कि महेश मुरलीधर पाई फिलहाल केनरा बैंक में प्रमुख महाप्रबंधक (डिजिटल बैंकिंग और इनोवेशन) के पद पर कार्यरत हैं। बैंकिंग क्षेत्र में उनके पास करीब 30 वर्षों के कार्य का अनुभव है। इस दौरान उन्होंने रणनीति, गवर्नेंस, ट्रेजरी, विदेशी मुद्रा कारोबार, रिटेल बैंकिंग, कृषि ऋण और एमएसएमई फाइनेंस जैसे कई अहम क्षेत्रों में काम किया है।

## आयकर विभाग ने आईटीआर-5 फॉर्म के लिए जारी की एक्सेल यूटिलिटी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2026-27 के लिए आईटीआर-5 फॉर्म की एक्सेल यूटिलिटी जारी कर दी है। इसे आधिकारिक इनकम टैक्स ई-फाइलिंग पोर्टल पर लाइव कर दिया गया है, जहां से करदाता इसे ऑफलाइन मोड में रिटर्न तैयार करने के लिए डाउनलोड कर सकते हैं। आयकर विभाग ने बुधवार को 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा कि आकलन वर्ष 2026–27 के लिए आईटीआर-5 की एक्सेल यूटिलिटी जारी की गई है। अब इनकम टैक्स ई-फाइलिंग पोर्टल https://incometax.gov.in/iec/foportal/ पर उपलब्ध है। दरअसल, किसी भी आईटीआर फॉर्म के लिए एक्सेल यूटिलिटी को बेहद अहम माना जाता है। इसके बिना इनकम टैक्स को जमा नहीं किया जा सकता। आयकर विभाग ने आईटीआर फॉर्मों की ई-फाइलिंग सुविधा चरणबद्ध तरीके से शुरू की है, जिसमें सबसे पहले 15 मई को आईटीआर-1 और आईटीआर-4 की एक्सेल यूटिलिटी जारी की गई। इसके बाद 27 मई को आईटीआर-2 के लिए ऑनलाइन फाइलिंग की सुविधा शुरू की गई। फिर 19 जून को आईटीआर-3 के लिए न केवल ऑनलाइन फाइलिंग शुरू की गई बल्कि उसकी एक्सेल यूटिलिटी भी जारी कर दी गई। अब विभाग ने असेसमेंट ईयर 2026-27 के लिए आईटीआर-5 की एक्सेल यूटिलिटी भी उपलब्ध करा दी है। आईटीआर-5 आयकर रिटर्न का वह फॉर्म है, जिसे व्यक्तिगत करदाता या एचयूएफ नहीं बल्कि विभिन्न प्रकार की संस्थाओं और संगठनों द्वारा भरा जाता है। इसमें पार्टनरशिप फर्म, लिमिटेड लाइबिलिटी पार्टनरशिप (एलएलपी), एसोसिएशन ऑफ पर्सन्स (एओपी), बॉडी ऑफ इंडिविजुअल्स (बीओआई), आर्टिफिशियल ज्यूरिडिकल पर्सन (एजेपी), स्थानीय निकाय, सहकारी समितियां, सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1860 या किसी राज्य के संबंधित कानून के तहत पंजीकृत सोसाइटियां, ऐसे ट्रस्ट जिन्हें आईटीआर-7 दाखिल करने की जरूरत नहीं होती।

फिल्म

# फिल्म तेरा यार हूं मैं का नया रोमांटिक गाना तुम ही से प्यार रिलीज, जुबिन नौटियाल ने दी आवाज



निर्देशक मिलाप जावेरी की फिल्म तेरा यार हूं मैं काफी वक्त से लोगों का ध्यान खींच रही है। इस फिल्म से अमन इंद्र कुमार बॉलीवुड में डेब्यू कर रहे हैं, जो धमाल 4 के निर्देशक इंद्र कुमार के बेटे हैं। उनके साथ मुख्य किरदार में आकांक्षा शर्मा दिखाई देंगी। अब निर्माताओं ने फिल्म से रोमांटिक और दर्दभरा गाना तुम ही से प्यार जारी किया है, जिसमें अमन और आकांक्षा की रोमांटिक केमिस्ट्री नजर आ रही है। पिछले महीने निर्माताओं ने फिल्म का टाइटल ट्रैक जारी किया था। अब तुम ही से प्यार जारी हुआ है। गाने को जुबिन नौटियाल ने अपनी आवाज दी है, जबकि इसके बोल कुणाल वर्मा ने लिखे हैं। पायल देव और आदित्य देव ने मिलकर इसे कंपोज किया है। गाने के दृश्य फिल्म में अभिनेत्री के मेंहदी समारोह पर फिल्माए गए हैं। तेरा यार हूं मैं एक एक रोमांटिक-ड्रामा है, जो 31 जुलाई, 2026 को सिनेमाघरों का रुख करेगी। पिछले महीने निर्माताओं ने फिल्म का टाइटल ट्रैक जारी किया था। अब तुम ही से प्यार जारी हुआ है। गाने को जुबिन नौटियाल ने अपनी आवाज दी है, जबकि इसके बोल कुणाल वर्मा ने लिखे हैं। पायल देव और आदित्य देव ने मिलकर इसे कंपोज किया है। गाने के दृश्य फिल्म में अभिनेत्री के मेंहदी समारोह पर फिल्माए गए हैं। तेरा यार हूं मैं एक एक रोमांटिक-ड्रामा है, जो 31 जुलाई, 2026 को सिनेमाघरों का रुख करेगी। इसके अलावा फिल्म में परेश रावल, जॉनी लीवर, सुप्रिया पिलगांवकर, मृणाल कुलकर्णी, नेहा खान, आनंद आचार्य और दर्शन जरीवाला जैसे अनुभवी कलाकार भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे. 'तेरा यार हूं मैं 24 जुलाई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.



# लॉक अप 2 में माधुरी जैन ग्रोवर के बयान पर विवाद, तीसरे बच्चे और अमीरी-गरीबी वाली टिप्पणी से मचा बवाल

रियलिटी शो लॉकअप सीजन 2 अक्सर अपने कंटेस्टेंट्स की निजी बातों और तीखे बयानों को लेकर चर्चा में रहता है। शो का फॉर्मेट ही ऐसा है कि यहां कंटेस्टेंट्स अपनी जिंदगी से जुड़े ऐसे खुलासे करते हैं जो कई बार दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर देते हैं और कई बार विवाद भी खड़ा कर देते हैं। इसी कड़ी में इस बार बिजनेसमैन अशनीर ग्रोवर की पत्नी और कंटेस्टेंट माधुरी जैन ग्रोवर का एक बयान सामने आया है, जिस पर लोग अब अलग-अलग राय दे रहे हैं। हाल ही के एक एपिसोड में माधुरी जैन ग्रोवर ने बताया कि वह और उनके पति अशनीर ग्रोवर तीसरा बच्चा चाहते थे लेकिन उनके परिवारों ने इस फैसले का समर्थन नहीं किया। उन्होंने कहा कि परिवार की सहमति न मिलने के कारण उन्होंने यह प्लान छोड़ दिया। हालांकि असली विवाद उनके इस निजी खुलासे से ज्यादा उनके आगे दिए गए विचारों को लेकर शुरू हुआ। शो में उन्हें यह कहते हुए सुना गया- तीसरा बच्चा इंसान को ज्यादा जवान रखता है। अगर आप देखें तो शाहरुख खान जैसे कई अमीर लोगों के भी तीन बच्चे हैं। हम दो हमारे दो का कॉन्सेप्ट हर किसी पर लागू नहीं होता। जितने अमीर लोग ज्यादा बच्चे पैदा करेंगे, उतनी अमीरी बढ़ेगी और जितने गरीब लोग ज्यादा बच्चे पैदा करेंगे, उतनी गरीबी बढ़ेगी। उनके इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। कई यूजर्स ने इसे गलत सोच और समाज को बांटने वाला बयान बताया। एक यूजर ने लिखा, यह बयान दिखाता है कि कुछ लोगों को यह समझ नहीं है कि इकॉनोमी कैसे काम करती है या डेमोग्राफी कैसे होती है। इससे बहुत कुछ पता चलता है कि एलीट क्लास के पास जरूरी जानकारी की कमी है। आम जनता ऐसे लोगों को वोट देती है। दूसरे यूजर ने लिखा, अगर समाज में सिर्फ अमीर लोग ही बच्चे पैदा करें और गरीब लोग न करें, तो उनके पास लेबर नहीं होगी। अमीर अपने बच्चों को आर्म्ड फोर्स में नहीं भेजते, अमीर टेररिज्म/बॉर्डर/सिक्योरिटी से कैसे निपटेंगे? अमीरों को अमीर बने रहने के लिए लेबर की जरूरत होती है। एक अन्य प्रतिक्रिया में यूजर्स ने इसे एलीट सोच का उदाहरण बताया और कहा, इस तरह के विचार समाज में गलत संदेश देते हैं। हर व्यक्ति को परिवार बढ़ाने का अधिकार है और इसे आर्थिक स्थिति से जोड़कर देखना ठीक नहीं है।



# ब्लैक शिमरी टॉप और डेनिम में पलक तिवारी ने ढाया कहर, सिजलिंग अदाओं से उड़ाए फैंस के होश



एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। पलक अपने प्रोजेक्ट्स के साथ-साथ अपने लाजवाब ड्रेसिंग सेंस और बोल्ड फैशन चॉइस के लिए सुर्खियों में बनी रहती हैं। हाल ही में पलक ने इंस्टाग्राम पर अपने नए फोटोशूट की कुछ बेहद सिजलिंग तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में पलक का अंदाज इतना बोल्ड और ग्लैमरस है कि फैंस उनके लुक से अपनी नजरें नहीं हटा पा रहे हैं। पलक ने एक बॉडी-हगिंग मैटेलिक ब्लैक कलर का फुल-स्लीव टॉप पहना हुआ है, जिसमें फ्रंट-ओपन बटन डिटेलिंग है। यह शिमरी टॉप उनके लुक को एक एजी और नाइट-पार्टी वाइब दे रहा है। इस टॉप के साथ पलक ने लो-वेस्ट, सुपर वाइड-लेग ग्रे डेनिम जींस पेयर की है, जो उनके टोंड फिगर को बेहद खूबसूरती से फ्लॉन्ट कर रही है। यह क्लासिक ब्लैक और ग्रे का कॉम्बिनेशन विजुअली काफी अट्रैक्टिव लग रहा है। तस्वीरों में पलक वह अपने चेहरे पर बिखरी जुल्फों को संभालते हुए सीधे कैमरे में गहराई से देख रही हैं, जिससे उनके किलर एक्सप्रेशंस उभर कर आ रहे हैं। कुछ तस्वीरों में वह बेहद सेक्सी और कॉन्फिडेंट पोज देती नजर आ रही हैं। अपने इस कैजुअल लेकिन हॉट लुक को कम्पलीट करने के लिए पलक ने मेकअप और एक्सेसरीज पर भी खास ध्यान दिया है। पलक ने ब्राउन टोन का न्यूड ग्लैम मेकअप चुना है। उन्होंने अपने बालों को हल्का वेवी टच देकर साइड-पार्टिंग के साथ खुला छोड़ा है।

पलक तिवारी की इन तस्वीरों ने इंटरनेट पर आते ही तहलका मचा दिया है। कमेंट सेक्शन में फैंस हार्ट और फायर इमोजीस की बरसात कर रहे हैं। कोई उन्हें गॉर्जियस कह रहा है तो कोई एब्सोल्यूट स्टनर।

# सच्चा साथी पाने के लिए कभी देर नहीं होतीः सोमी अली

बॉलीवुड अभिनेत्री सोमी अली ने अभिनेता आमिर खान और गौरी स्प्रैट को शादी की शुभकामनाएं देते हुए एक भावुक संदेश साझा किया है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि जीवन में खुशी और सच्चा साथी पाने के लिए कभी देर नहीं होती और प्यार की कोई तय उम्र नहीं होती। सोमी अली ने आमिर खान और गौरी स्प्रैट की तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि प्रेम किसी कैलेंडर का पालन नहीं करता। सोशल मीडिया पर लिखे संदेश के अनुसार, जीवन के किसी भी पड़ाव पर ऐसा साथी मिलना, जिसके साथ पूरी जिंदगी बिताई जा सके, बेहद खूबसूरत अनुभव होता है। उन्होंने लिखा कि खुशी को अपनाने में कभी देर नहीं होती और प्रेम के लिए खुला दिल हमेशा सम्मान का पात्र होना चाहिए, आलोचना का नहीं। उन्होंने अपने संदेश में आगे कहा कि उम्र केवल वर्षों में मापी जाती है, जबकि प्रेम उन यादगार पलों में बसता है जो दो लोग साथ बिताते हैं। उन्होंने आमिर और गौरी को नए जीवन की शुरुआत के लिए बधाई देते हुए कहा कि कुछ लोग पूरी जिंदगी सही साथी की तलाश में गुजार देते हैं। यदि किसी भी उम्र में यह तलाश विवाह तक पहुंचती है, तो वही सही समय होता है। सोमी अली ने यह भी कहा कि नया अध्याय शुरू करने का साहस प्रेरणादायक होता है। उन्होंने दोनों के सुखद भविष्य की कामना करते हुए लिखा कि उन्हें जीवनभर खुशियां, हंसी और एक-दूसरे का साथ मिले। उनके अनुसार, सबसे यादगार प्रेम कहानियां इस बात से नहीं पहचानी जातीं कि वे कब शुरू हुईं, बल्कि इस बात से कि उन्हें कितनी



गहराई और ईमानदारी से जिया गया।

अपने संदेश में उन्होंने उन लोगों को भी जवाब दिया जो उम्र के आधार पर रिश्तों पर सवाल उठाते हैं। सोमी ने लिखा कि एक दिन सभी समझेंगे कि खुशी की कोई समय-सीमा नहीं होती। उन्होंने कहा कि उम्र बढ़ना जीवन का स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन किसी प्रिय साथी के साथ उम्र बिताने का अवसर सबसे बड़ा उपहार होता है। उनके अनुसार, कम उम्र में शादी करना सबसे बड़ी उपलब्धि नहीं है, बल्कि ऐसा जीवनसाथी मिलना अधिक महत्वपूर्ण है जिसके साथ पूरी जिंदगी खुशी से बिताई जा सके। हाल ही में फिल्म 'प्रीतम एंड पेड्रो' की स्क्रीनिंग के दौरान आमिर खान ने भी अपनी शादी की योजनाओं पर बात की थी।

# पुराने स्टाइल में बालों को कर्ल करने के लिए इस्तेमाल करें रोलर, जानें आसान तरीका

बालों को कर्ल करने के लिए कई तरीके हैं, जिनमें से एक है रोलर का इस्तेमाल करना। यह तरीका न केवल आसान है, बल्कि इसके जरिए आप अपने बालों को एक अलग और आकर्षक लुक दे सकती हैं। रोलर का इस्तेमाल करके आप बिना हीटिंग उपकरणों के अपने बालों को कर्ल कर सकती हैं। इस लेख में हम आपको रोलर का सही तरीके से इस्तेमाल करने के लिए कुछ टिप्स देंगे, जिससे बाल पुराने समय की तरह कर्ल हो जाएंगे। रोलर का इस्तेमाल करने से पहले अपने बालों को अच्छी तरह से धो लें। इसके लिए एक हल्के शैंपू और कंडीशनर का उपयोग करें। इसके बाद बालों को तौलिये से हल्का-सा सुखा लें, ताकि उनमें नमी बनी



रहे, लेकिन वे गीले न हों। इससे रोलर आसानी से बालों में सेट हो सकेंगे और कर्ल लंबे समय तक टिके रहेंगे। इसके अलावा बालों में कुछ हल्का स्टाइलिंग उत्पाद लगाएं, ताकि कर्ल अच्छे से सेट हो सकें। रोलर कई आकार और प्रकार में आते हैं, इसलिए यह जरूरी है कि आप अपने बालों की लंबाई और मोटाई के अनुसार सही रोलर चुनें। छोटे रोलर छोटे कर्ल बनाने के लिए अच्छे होते हैं, जबकि बड़े रोलर लंबे और बड़े कर्ल के लिए बेहतर होते हैं। इसके अलावा आप अलग-अलग प्रकार के रोलर, जैसे कि वेल्क्रो रोलर, सॉफ्ट रोलर और प्लास्टिक रोलर भी आजमा सकती हैं। यह आपके बालों की जरूरत और स्टाइल पर निर्भर करता है। रोलर लगाने से पहले अपने बालों को छोटे-छोटे हिस्सों में बांट लें। इससे यह आसान हो जाएगा कि आप हर हिस्से पर ध्यान दे सकें और सभी बालों को समान रूप से सेट कर सकें। इसके लिए पहले बालों को बीच से अलग करके 2 हिस्सों में बांट लें, फिर हर हिस्से को छोटे-छोटे सेक्शन में बांटकर रोलर लगाएं। इससे आपके कर्ल पूरे दिन टिके रहेंगे और आपके बालों को एक खूबसूरत लुक देंगे। अब बारी आती है रोलर लगाने की। सबसे पहले एक हिस्से को लें और उसे रोलर पर लपेटें, फिर उसे जड़ों तक पहुंचाएं। इसके बाद रोलर को हल्का-सा दबाकर पिन या क्लिप से अच्छी तरह से बांधें, ताकि वह जगह पर टिका रहे। इसी तरह सभी हिस्सों पर रोलर लगाएं। अगर आप चाहें तो रोलर को रातभर लगा रहने दें और सुबह उठकर उन्हें हटा दें। इससे आपके बालों को एक खूबसूरत लुक मिलेगा। रोलर हटाने के बाद अपने नए कर्ल पर सेटिंग स्प्रे लगाएं, ताकि वे लंबे समय तक टिके रहें। सेटिंग स्प्रे बालों को स्थिरता देता है और उन्हें उलझने से बचाता है। इसके अलावा सेटिंग स्प्रे आपके कर्ल को पूरे दिन प्राकृतिक जैसा बनाए रखता है। अगर आप चाहें तो हल्का-सा तेल भी लगा सकते हैं, ताकि आपके कर्ल चमकदार दिखें और मुलायम महसूस हों। इससे आपके बालों को एक बेहतरीन लुक मिलेगा।

# स्कॉटलैंड की यात्रा पर निकिता दत्ता, साझा कीं तस्वीरें

बॉलीवुड अभिनेत्री निकिता दत्ता स्कॉटलैंड की अपनी यात्रा पर है जहां से उन्होंने कुछ मनमोहक झलकियां सोशल मीडिया पर साझा की हैं। अभिनेत्री की यह पोस्ट उनके प्रशंसकों को काफी पसंद आ रही है। निकिता दत्ता ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर कई तस्वीरें साझा करते हुए उन्हें "स्कॉटलैंड से पोस्टकार्ड्स" शीर्षक दिया। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर इन तस्वीरों और वीडियो में वह हरे-भरे पहाड़ों, खुले मैदानों और शांत वातावरण का आनंद लेती नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों में वह स्कॉटलैंड के मनोरम प्राकृतिक दृश्यों के बीच अलग-अलग अंदाज में नजर आ रही हैं। हर तस्वीर में वहां की हरियाली, पहाड़ और शांत वातावरण की खूबसूरती साफ दिखाई देती है। इससे पहले उन्होंने स्कॉटलैंड के ग्रामीण इलाके का एक वीडियो भी साझा किया था। वीडियो में निकिता खूबसूरत और कम चर्चित स्थानों की तलाश में पहाड़ियों और खुले मैदानों में पैदल यात्रा करती दिखाई दे रही हैं। इस दौरान उन्हें चरागाह में बड़ी संख्या में भेड़ें भी दिखाई दीं, जिनके बीच बिताए गए पल उन्होंने अपने प्रशंसकों के साथ साझा किए। पोस्ट के साथ निकिता ने लिखा कि स्कॉटलैंड के कुछ अनछुए और छिपे हुए प्राकृतिक स्थलों की खोज में वह सामान्य से कुछ अधिक दूर निकल गईं और भेड़ों से भरे एक मैदान तक पहुंच गईं। उन्होंने बताया कि 'बनेट स्टेन' नामक चट्टान तक पहुंचने के लिए की गई छोटी-सी चढ़ाई भी उनके लिए बेहद रोमांचक और यादगार अनुभव रही। यात्रा करना निकिता दत्ता की पसंदीदा गतिविधियों में शामिल है। वह अक्सर अपनी छुट्टियों, साहसिक यात्राओं और प्राकृतिक स्थलों की तस्वीरें तथा वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करती रहती हैं। इसके अलावा वह अपने फिटनेस रूटीन, योग और आउटडोर गतिविधियों से ज़ुड़े



अपडेट भी नियमित रूप से प्रशंसकों के साथ साझा करती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने गहन योग सत्र की झलक भी पोस्ट की थी, जिसे लोगों ने काफी सराहा। पेशेवर मोर्चे पर निकिता दत्ता ने छोटे पर्दे से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने ड्रीम गर्ल – एक लड़की दीवानी सी और एक दूजे के वास्ते जैसे लोकप्रिय धारावाहिकों में काम कर अपनी पहचान बनाई।

# Nitin Gadkari pushes hydrogen ethanol to cut fossil fuel imports



**New Delhi, Agency:** Minister for Road Transport and Highways Nitin Gadkari on Tuesday said India must accelerate its transition to alternative fuels, particularly hydrogen and ethanol, to reduce its dependence on costly fossil fuel imports, strengthen energy security, create jobs and cut pollution.He also challenged critics of the E20 (20 per cent ethanol-blended) petrol mandate to point out even one vehicle that had experienced issues due to the fuel blend, amid concerns over reduced fuel efficiency and criticism of the policy.

Addressing the importance of energy self-reliance, Gadkari said India spends nearly Rs 23 lakh crore annually on importing fossil fuels, with around 87 per cent of its crude oil and energy requirements being met through imports. He said the recent conflict in West Asia had once again exposed the risks associated with excessive dependence on foreign energy supplies, affecting global oil and gas markets. The minister was speaking at the Vikshit Bharat Conclave & Maharashtra Ke Gaurav Coffee Table launch here.

Questioning whether India should continue spending such a massive amount on fuel imports, Gadkari said the money could instead be invested within the country to generate employment opportunities for young people, increase farmers' incomes, strengthen the domestic economy, and create a cleaner environment.

Emphasising the government's focus on alternative fuels, the minister said hydrogen would play a crucial role in India's future energy landscape. He said the government had launched two hydrogen-powered trucks - one based on hydrogen fuel cell technology and another powered by a hydrogen internal combustion engine, replacing conventional diesel or petrol.

'He further said hydrogen-powered buses were also being introduced, with a pilot project underway in Nagpur where green hydrogen would be produced locally, supplied to buses, and used for public transport operations.

# Paradigm shift needed to tackle mounting pendency of over 5.61 crore cases: SC



**New Delhi, Agency:** As the Indian judiciary faces the daunting task of clearing more than 5.61 crore cases pending in various courts across the country, the Supreme Court has called for a paradigm shift in the manner of dealing with "one of the greatest challenges to the justice delivery system in India".

As on July 8, 2026, there are more than 4.97 crore (1.12 crore civil and 3.85 crore criminal) cases pending in district courts across India. The 25 high courts have over 64.53 lakh (44.96 lakh civil and 19.57 lakh criminal) cases awaiting disposal while the figure for the Supreme Court stood at 95,268 (73,671 Civil and 21,597 Criminal) "There is no dispute that mounting pendency of cases across District Courts, High Courts and the Supreme Court poses one of the greatest challenges to the justice delivery system in India. The constitutional courts have rightly assumed responsibility for addressing this problem and judges at all levels remain deeply concerned about delays and arrears. Yet, pendency continues to be viewed almost exclusively as a judicial responsibility," a Bench of Justice PS Narasimha and Justice Alok Aradhe said on Tuesday.

"This approach overlooks a fundamental reality that the Bar is not merely a stakeholder but an equal institutional partner in the administration of justice. Despite frequent references to the Bar and Bench as the two wheels of the chariot of justice, the Bar is seldom called upon to share responsibility for reducing delays and improving efficiency. A paradigm shift is necessary," it emphasised.

Tackling pendency must become a collaborative mission of the Bench and the Bar. Through coordinated planning, institutional commitment, and shared accountability, meaningful access to justice can be achieved. The first step is to equip and train lawyers to work as a team and then to work with courts and judges for effective and efficient delivery of justice," the top court said. "There is a necessity, rather a compelling need, to kindle among advocates a deeper and a renewed sense of bond and shared responsibility for timely disposal of cases as reducing pendency is as much the duty of the Bar as it is of the Bench," it added. "To achieve these objectives, serious consideration should be given to institutionalising "future continuous" learning for lawyers. Episodic and bouquet presenting seminars and conferences must give way to more serious and committed learning," the Bench said.



# 4 officials from environment minister Bhupender Yadav's office removed

**New Delhi, Agency:** The Centre has removed four officials from environment minister Bhupender Yadav's office. The officials are Yadav's private secretary, assistant private secretary and two additional private secretaries. Yadav's private secretary, Amar Singh, a 2010 batch IRS officer, was removed on "administrative grounds". The appointments of assistant private secretary Siddharth Yadav and an additional private secretary, Ayush Saran, both political appointees, were terminated with immediate effect. The other additional private secretary, Shailesh Kumar Singh - a Central Secretariat Service official - was "prematurely repatriated" to his parent cadre, department of personnel and training. While political and bureaucratic circles speculated about the possible trigger, Jairam Ramesh of Congress raised suspicions of a scam. "The news of the sackings of four members of the staff of the Union Minister of Environment, Forests and Climate Change is shocking. It is no secret how such appointments are made in the first place during the Modi regime.

# After govt notice, Meta details child safety steps




**New Delhi, Agency:** Meta Tuesday announced a fresh set of measures to combat child exploitation across its platforms, days after the Indian govt issued a notice over Instagram s allegedly carrying child sexual abuse material, putting further pressure on the company to strengthen its safety systems.

In a blog post, the company said it had already identified and disabled several offending s and accounts before the issue was flagged publicly. A subsequent investigation led to the removal of additional ads, disabling of more accounts and blocking of URLs linked to policy-violating content. Meta said it uses advanced AI tools to detect accounts sharing suspicious off-platform links and other signals associated with child exploitation. "In the last six months alone, this led to the removal of 160,000 accounts in India," the company said. Rejecting claims that its advertising systems deliberately targeted users with an inappropriate interest in children, Meta said its technology detects

# 'You can run but can't hide': Armed forces neutralise Lashkar terrorist in J&K's Shopian



**New Delhi, Agency:** Armed forces on Wednesday killed a Lashkar-e-Taiba terrorist in an encounter in Jammu and Kashmir's Shopian. In a social media post on X, Jammu and Kashmir Police said," You Can Run But You Can't Hide!" "One Lashkar terrorist neutralised by SOG Shopian, in a Jt Op, along with RR and CRPF," it added.The encounter comes after armed forces launched a combing operation in Shopian to track down two local terrorists of the banned Lashkar-e-Taiba which is led by India's most wanted Hafiz Saeed. The two terrorists were first spotted by surveillance cameras on July 3 in a dense orchard in the Meemandar area, which comprises seven villages. A joint team of several Army columns, the Jammu and Kashmir Police, and the Central Reserve Police Force (CRPF) maintained a tight cordon around the area.

The trapped terrorists, identified as Latif and Zakir, allegedly opened fire on Army personnel as they closed in, triggering an exchange of fire, officials said. The Army's specialised counter-insurgency unit, Victor Force, deployed additional personnel to seal all possible escape routes through the thick orchard foliage and illuminated the area.

Officials said the dense foliage during the summer months provides natural cover, making surveillance difficult and allowing trapped terrorists to exploit blind spots to breach security cordons.

According to security records, both terrorists are residents of south Kashmir's Kulgam district. Zakir has reportedly been associated with the LeT since 2024, while Latif joined the outfit last year. Officials said Shopian has historically served as a key transit corridor linking south Kashmir with central Kashmir and the Pir Panjal range.

# It got Rs 160 crore from TMC': ED searches Kolkata company over aircraft deal



**New Delhi, Agency:** Enforcement Directorate Tuesday carried out searches in Kolkata to probe the purchase of an aircraft - Embraer 600 - and an Agusta 109 SP helicopter for Rs 112 crore by Kolkata-based Carewell Aviation India Pvt Ltd, and Rs 160 crore it allegedly had got from TMC.

This aviation company, incorporated in Sept 2021 after TMC came to office for the third time in Bengal with 215 seats, had rented the Embraer and the chopper to TMC as it received funds during 2023 and 2026. Searches were conducted at five places in Kolkata in connection with alleged dishonest financial dealings, sources said.

Searches were conducted over unlawful collection of money and routing of suspected funds through certain bank accounts of TMC," sources said.

A senior official said the premises searched belonged to Carewell group of companies. "It has been revealed that around Rs 160 crore was transferred from TMC accounts to Carewell Aviation India Pvt Ltd and its related entity, possibly between April 2023 and June 2026. Carewell Aviation routed Rs 82.9 crore to another newly incorporated related entity in this period," he added.

# 'Can't use court as political platform' SC declines DMK's plea against Vijay



**New Delhi, Agency:** Supreme Court Tuesday dismissed a plea by DMK seeking an order restraining Tamil Nadu CM Joseph Vijay from making statements on the Karur stampede and told the party not to use the judicial forum as a political platform to proceed against an adversary. It also asked how a court could tell the elected head of a state what to say.

At the outset of the hearing, a bench of Justices K V Viswanathan and Alok Aradhe expressed reservations on entertaining the plea against the CM and other state ministers. "You want the CM's message to be regulated by SC and fix his itinerary?" the bench said.

Senior advocate Ranjit Kumar, appearing for the petitioner, said TVK ministers were making public statements that were creating a "narrative" on the stampede case. He said compensation was being paid to the victims' families and they were also being given compassionate appointm-ents, hinting that these may influence those who were witnesses. The bench asked how these could affect the investigation.

"So you want us to impose an injunction on free speech? You counter their speech with your speech. How does SC, in a matter where it ordered a CBI investigation, allow the impleadment of a political rival?" it said.

Kumar referred to SC's order in the Arvind Kejriwal case, where the then Delhi CM was asked not to make statements, and pleaded that a similar order be passed against the TN CM. The bench pointed out the latter was not an accused in the case.

When Kumar said Vijay was accused number one, the court asked him to verify the facts as the CM had not been named in the first FIR lodged during DMK govt's tenure.

# 9 Indian ships with over 190 seafarers still near Hormuz



**New Delhi, Agency:** As on Tuesday, 50 Indian-flagged and foreign-flagged ships, with cargo bound for India, have transited the Strait of Hormuz since the start of the West Asia conflict on Feb 28.

At present, only nine Indian vessels are in the Persian Gulf region - in the West of Strait of Hormuz - with 198 Indian seafarers onboard.

"The vessels are not struck, and are currently trading or engaged in the region," a shipping ministry official said. There are no updates on whether ships from India are waiting to go to West Asia through the Strait to pick up fresh consignments. Industry insiders said that it may take a little longer for shipping lines to plan resume sending their vessels to the area. Officials said that while 18-flagged ships have sailed through the strait safely, the remaining 32 are foreign-flagged.

# Wayanad landslide: Search on for 5 missing unnatural death case registered, say police



**New Delhi, Agency:** A day after a landslide at the tunnel road construction site in this hill district claimed three lives, extensive search operations are ongoing to find five people who are still missing following the incident, police said on Wednesday.

Wayanad SP Devamanohar told reporters that a case of unnatural death has been registered in connection with the landslide and an investigation launched.

Giving details of the rescue efforts, he said that cadaver dogs, fire force personnel and NDRF teams have been deployed and the area divided into four zones to carry out the search.

He said that areas downstream of the river are also being searched and the road towards Chooralmala has been cleared. But, there is a lot more mud to be cleared from the incident site, and it can be done only after the search operations are completed, the officer said.

The state government, a day ago, had contended that it was a "man-made disaster" as the mud accumulated at the construction site had not been removed despite directions from the district administration and Public Works Department Minister PK Basheer.

The general manager of the construction company refuted it and claimed that the landslide occurred much above the work site.